Regd. with Registrar of News Paper of India Ministry of Information & Broadcasting Reg. No. HARHIN/2008/27633

# गरिमा टाइम्स

सोमवार,30 सितंबर 2024 | वर्ष :16 | अंक:206 | मूल्य:1 रूपए | पृष्ठ: 8

www.garimatimes.in



मतदान के लिए स्थापित किए गए सुविधा केंद्र

# महम विधानसभा सीट से अब तक गैर जाट प्रत्याशी नहीं जीत पाया

**शांतिप्रकाश जैन.रोहतक।** हरियाणा की सबसे हॉट सीट समझे जाने वाली महम विधानसभा सीट से अब तक कोई भी गैर जाट प्रत्याशी विजयी नहीं हुआ है। यही नहीं यहां से अब तक कोई महिला प्रत्याशी भी जीत नहीं पाई है। सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी जीत पर सरकार में भागेदारी का दावा करके मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। महम विधानसभा क्षेत्र में जाति, धर्म व क्षेत्र का कोई मुद्दा प्रचार में नजर नहीं आ रहा है। केवल चौधर का ही मुद्दा चुनाव का मुख्य कारण माना जा रहा है।

महम विधानसभा सीट पर जाट समुदाय की निर्णायक भूमिका होने के कारण यह सीट जिले की हॉट सीट बनी हुई है। देश के उपप्रधानमंत्री रहे चौधरी देवीलाल इस सीट से 1982, 1985 व 1987 में जीत हासिल कर चुके है।

वही कांग्रेस के आनंद सिंह दांगी 1991, 2005, 2009 तथा 2014 से महम विधानसभा से प्रतिनिधित्व करते रहे। अब उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनके पुत्र बलराम दांगी को प्रत्याशी बनाकर एक बड़ा दांव खेला है। इसी प्रकार बलबीर सिंह उर्फ बाली पहलवान 1996, 2000 में विधायक चुने गए। 2019 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बलराज कुंडू ने बाजी मारी। कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके पुत्र सांसद दीपेंद्र हुड्डा के धुआंधार चुनाव प्रचार पर ही निर्भर है।
















हरियाणा जनसेवक पार्टी के बलराज कुंडू क्षेत्र में शिक्षा पा रही ग्रामीण युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय है क्योंकि कुंडू ने उनके लिए महम क्षेत्र से रोहतक आने के लिए फ्री बस सेवाएं उपलब्ध करवाई हुई है।

अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा को भाजपा ने अपना महम क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर सबको चौका दिया। भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य भाजपा नेता डोर टू डोर प्रचार करने में जुटे हुए है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरकड़ा ने अपनी पत्नी राधा अहलावत को चुनाव मैदान में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतारकर मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पार्टी के प्रत्याशी विकास नेहरा के चुनाव प्रचार में चुनावी रैली कर चुके है।

महम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के बलराम दांगी, भाजपा के दीपक हुड्डा, आम आदमी पार्टी के विकास नेहरा, हरियाणा जनसेवक पार्टी के बलराज कुंडू तथा निर्दलीय राधा अहलावत व बलबीर सिंह बाली आदि के मध्य जबरदस्त मुकाबला बताया जा रहा है।

### आज भी लोग सिहर हो उठते

महम के मतदाता आज भी अपने क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र में गोलीकांड में लेकर सिहर हो उठते है। याद रहे कि चुनाव के दौरान महम विधानसभा क्षेत्र में हुए गोलीकांड ने पूरे विश्व में सुर्खियां बिखेरी थी। इस गोलीकांड में लगभग 10 लोग मारे गए थे। गोलीकांड को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने उस समय के चुनाव को स्थगित कर दिया था।

### 216 मतदान केंद्र स्थापित किए

महम विधानसभा क्षेत्र में लगभग दो लाख मतदाता है। जिनके लिए 216 मतदान केंद्र स्थापित किए है। जिला प्रशासन ने महम में हुई पिछली घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है। यह तो 8 अक्तूबर को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा कि विजयश्री किसके हाथ लगती है।

# सुनारियां जेल रोड पर खुले में पड़ा कचरा निगम ने जलाया

**गरिमा टाइम्स की खबर का असर : 18 सितंबर को उठाया था यह मुद्दा, खुले में पड़ा रहता था मेडिकल वेस्ट**

**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक**
गरिमा टाइम्स ने 18 सितंबर को जेल रोड पर पड़ने वाला कचरा व उसी में मेडिकल वेस्ट खुले में डालने का मामला उठाया था। इस पर नगर निगम ने संज्ञान लेते हुए उस मलबे को जलाया और उस पर मिट्टी तक डाल दी है। ताकि आने जाने वाले लोगों को बदबू का सामना न करना पड़े। पिछले काफी समय से आमजन इस मलबे के कारण समस्याएं झेल रहा था। खुले में कचरा फैलने से बीमारियों भी फैल रही थी। लेकिन नगर निगम ने संज्ञान लेते हुए इसका निस्तारण करना शुरू कर दिया है।

बता दें कि अस्पतालों से निकलने वाला कचरा यहां डाला जा रहा है। आवागमन करने वाले लोग बदबू से काफी परेशान हो चुके है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम परेशान है। निगम ने गुरुग्राम की तर्ज पर घर से निकलने वाले मलबे (निर्माण के दौरान) को ठिकाने लगाने का निर्णय लिया है। मकान मालिक खुद निगम की ओर से तय की गई जगह पर मलबा डालकर आएंगे या निगम को प्रति किलोमीटर के हिसाब से फीस देंगे। निगम पता लगा रहा है कि मलबे का दोबारा कैसे प्रयोग किया जा सकता है।

**गुरुग्राम की तर्ज पर बनेगा प्रोजेक्ट :** घरों से निकलने वाले मलबे को ठिकाने लगाने के लिए गुरुग्राम की तर्ज पर नगर निगम प्लान तैयार करेगा। सबसे पहले तो इसमें जनभागीदारी होनी चाहिए। आम लोगों से अपील की जाए कि वे मलबा घर के बाहर गली या सड़क पर डालने के बजाय निगम की ओर से तय की गई जगह जेल रोड पर डालें। अगर नहीं डाल सकते हैं तो निगम को अवगत कराएं। निगम निर्धारित फीस लेकर मलबा उठाएगा। वहां मलबे का ढेर न लगे, इसके लिए निगम पता कर रहा है कि मलबे का दोबारा कैसे प्रयोग किया जा सकता है।





### लोग मलबे की जगह डाल रहे घरों का कूड़ा व अस्पताल का कचरा

नगर निगम की तरफ से जेल रोड पर घरों का मलबा डालने के लिए बोर्ड लगाया हुआ है। लेकिन वहां पर देखा जाए तो घरों से निकलने वाला कूड़ा अस्पतालों से निकलने वाला कचरा व फैक्टिरयों से निकलने वाले कचरे को वहां डाला जा रहा है। ऐसे में वहां से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। लेकिन अस्पतालों के पड़ने वाले कचरे के कारण वहां बदबू का माहौल बना हुआ है। ऐसे में लोगों का आने जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को मुंह पर कपड़ा डालकर वहां से निकलना पड़ता है।


सुनारियां जेल रोड पर खुले में डाला जा रहा अस्पतालों से निकलने वाला कचरा

नगर निगम के बोर्ड पर सिर्फ कंक्रीट व भवन सामग्री डालने की इजाज

गरिमा टाइम्स में छपी खबर...

### सुभाष नगर में बदमाशों का उत्पात, खड़ी गाड़ियों के तोड़े शीशे




**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक।** शहर के सुभाष नगर में बदमाशों द्वारा उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। जिसमें बदमाशों ने खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ उनसे सामान तक निकाल लिया है। यह उत्पात घरों के बाहर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया। पीड़ित लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस को की तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक रात को करीब सवा एक बजे बाइक सवार 2 युवक सुभाष नगर में घूमते दिखाई दे रहे हैं। जिन्होंने गली में खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। वहीं शीशे तोड़कर आरोपी युवक वहां से फरार हो गए। सुभाष नगर के लोगों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गाड़ियां रात के समय घरों के बाहर गली में खड़ी होती हैं। इसी दौरान बदमाशों ने उपद्रव करते हुए आतंक फैलाने और शांति भंग करने के लिए 4 गाड़ियों के शीशे तोड़े हैं। जिसके कारण सुभाष नगर वासियों को काफी नुकसान हुआ है। जिसके बाद क्षेत्रवासी थाने में पहुंचे। जहां पर शिकायत दी कि बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि इस तरह की वारदात फिर से ना हो।

# शहर के ज्यादातर इलाकों में समय पर नहीं मिल रही पानी की सप्लाई

**कहीं दूषित आपूर्ति हो रही है तो कहीं लोग लो प्रेशर से जूझ रहे**

**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक**
पानी के लिए जिलावासियों की जिद्दोजहद जारी है। कहीं दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है तो कहीं लोग लो प्रेशर से जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति हो रही है। समस्या के समाधान की गुहार लगाई जाती है आश्वासनों का पिटारा खोल दिया जाता है। शहरवासियों का कहना है कि सीएम व गृहमंत्री को पानी की समस्या को लेकर ट्वीट कर चुके है। उसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। अधिकारी फोन कर पूछते है कि क्या दिक्कत है उन्हें समस्या से अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। विभाग ने सुध नहीं ली तो राहत की आस के साथ सरकार का दर खटखटाया, किंतु यहां भी मायूसी ही हाथ लगी। पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जबकि जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजा गया बिल भी समय पर जमा करवाया जा रहा है।



हमारे पास जितनी भी शिकायतें आती है, उनका समय पर समाधान करवा दिया जाता है। बहुत बार लोग प्राइवेट मिस्त्री को बुलाकर खुद कनेक्शन कर लेते है। उसमें कमी छो?ने के कारण वहां समस्या बन जाती है। बहुत बार लोग समस्या को बताते भी नहीं। **-तरुण गर्ग, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

### बाबरा मोहल्ला

अभिषेक पांचाल ने बताया कि पाइप में लीकेज होने के कारण जमीन नीचे से मिट्टी कटाव हो गया। जिसके चलते वहां पर गड्ढा बन गया। जनस्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया लेकिन गड्ढे को देखकर वापस चले गए समाधान नहीं किया। मोहल्ले के लोगों ने खुद रुपये इकट्ठे कर पाइपलाइन को ठीक करवाया और गड्ढे को भरवाया। लेकिन कुछ घरों में अभी भी दूषित पेयजल की सप्लाई आ रही है।

### जगदीश कॉलोनी

अजय चावला ने बताया कि पिछले तीन महीने से दूषित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। विभाग का जेई सिर्फ एक बार मौके पर आया और समस्या देखकर वापस चला गया। दोबारा फोन कर शिकायत की पर अनसुना कर दिया गया। पार्षद की ओर से समस्या के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### शिवाजी कॉलोनी

विकास मल्होत्रा ने बताया कि पिछले 3 महीने से दूषित पानी की समस्या बनी हुई है। कनेक्शन के लिए विभाग की ओर से सीवर लाइन के लिए जमीन में गड्ढे कर दिए जाते हैं। बाद में इनको ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। लोगों को बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। कपड़े धोने के लिए पानी के टैंकर मंगाए जाते हैं।

### बोहर

जगमेंद्र ने बताया कि एक दिन छोड़कर सिर्फ 25 मिनट के लिए ही पानी की सप्लाई दी जाती है। जिसमें घर की टंकी तक नहीं भर पाती। बाहर से पानी के टैंकर मंगवा कर ही पानी की पूर्ति पूरी की जाती है। परिवोदना समिति की कमेटी की बैठक में पानी की समस्या को लेकर काफी ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात भी की थी। अधिकारियों को पानी से संबंधित निर्देश भी दिए गए लेकिन अभी तक भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### राम गोपाल कॉलोनी

कृष्ण शास्त्री का कहना है कि राम गोपाल कॉलोनी में भी दूषित पेयजल की समस्या बनी रहती है। शिकायत पर अधिकारी समस्या का समाधान तो करते हैं लेकिन कुछ दिन बाद वापस दूषित पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पाइपलाइन बदलना ही समस्या का का स्थायी समाधान है।

# आंखों के रोगी बढ़े : एक माह में पांच हजार से ज्यादा मरीज अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचे

गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक
लेपटाप, कंप्यूटर व मोबाइल की रोशनी आंखों की रोशनी को खत्म कर रही है। ज्यादा देर तक इनमें लगे रहने से आंखों पर प्रभाव पड़ता जा रहा है। कम उम्र के बच्चों और युवाओं में यह समस्या बढ़ी है।

बीते एक माह में नागरिक अस्पताल में आंखों की ओपीडी पांच हजार के करीब रही है। इसमें 1800 नजर के मरीज रहे, उन्हें चश्मा परामर्श किया गया। चिकित्सकों की माने तो पोषण युक्त भोजन और स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण कम उम्र के बच्चे और युवाओं में नजर की समस्या हो सकती है। नागरिक अस्पताल की आंखों की औसत ओपीडी करीब 192 है। मौसम के अनुसार भी मरीज पहुंच रहे हैं। आंखों में जलन, लालिमा और दर्द से परेशान मरीज भी परामर्श के लिए आ रहे हैं। नजर का नंबर बढ़ने, मोतियाबिंद आदि के केस भी आ रहे हैं।

### आंखों के लिए बेहतर नहीं डिस्पले लाइट

विशेषज्ञों की माने तो जीवनशैली में बदलाव, बाजारी खानपान और बेइंतहा मोबाइल, टीवी व कंप्यूटर पर समय बिताने पर दृष्टि संबंधी समस्या बढ़ी है। यह एकाएक नहीं है, इसका धीरे-धीरे संचार हुआ है। आज स्मार्टफोन आदि की डिस्प्ले से जो रोशनी निकलती है, वह आंखों के लिए बेहतर नहीं है। वहीं आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पालक, गाजर, आंवला और खट्टे फलों का सेवन जरूरी है।



**हरी सब्जी और सलाद का सेवन जरूरी**
नागरिक अस्पताल के नेत्र जांच विशेषज्ञ भीम सिंह ने कहा कि ज्यादातर मरीज नजर की समस्या के आ रहे हैं। सभी को परामर्श के साथ-साथ सलाह भी दी जा रही है। खाने में हरी सब्जी, सलाद का सेवन ज्यादा करने की। बाजार की चीजों को खाने से परहेज करें। फल और ड्राइफ्रूट भी बेहतर विकल्प है। मरीज स्वयं भी बताते हैं कि वे कितना समय स्क्रीन पर बिताते हैं। सभी को सलाह दी जाती है कि 15 मिनट से ज्यादा स्क्रीन पर समय न दें। कंप्यूटर पर काम करने वाले हर दो घंटे की अंतराल में आंखों में पानी के छींटे मारे। इससे आंख ज्यादा समय तक स्वस्थ बनी रहेंगी।




### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में 92 छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक।** वैश्य टेक्निकल इंस्टिट्यूट में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के अध्यक्ष नवीन जैन की धर्मपत्नी सरोज जैन उपस्थित रही विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लड बैंक के एचओडी डॉ गजेंद्र सिंह व भारत उपस्थित रहे। कॉलेज की 92 छात्र छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सरोज जैन ने कहा कि रक्तदान में लड़कियां भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। यह एक शुभ संकेत है उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए डॉ गजेंद्र सिंह ने कहा कि लड़कियों में खून की कमी की वजह से बहुत सी लड़कियां रक्तदान नहीं कर पा रही है। हमें लड़कियों व महिलाओं के लिए एनीमिया के कैंप लगाने चाहिए। जिससे वह स्वस्थ रह सके उन्होंने कहा पीजीआई में सबसे ज्यादा रक्त की जरूरत गर्भवती महिलाओं को होती है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, सुशील गुप्ता, सतीश गोयल , संयोजक सुनील जैन ,नीरज बंसल, ब्रिजवाला गुप्ता ,साक्षी बंसल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ब्लड बैंक व वैश्य शिक्षण संस्थाओं का विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया।

### एमडीयू में सर्टिफिकेट व पीजी डिप्लोमा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अक्तूबर

**गरिमा टाइम्स न्यूज. रोहतक**
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) में संचालित सर्टिफिकेट तथा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 15 अक्टूबर को डिस्प्ले की जाएगी तथा अपडेटेड ओवरऑल मेरिट लिस्ट 19 अक्टूबर को डिस्प्ले की जाएगी। एडमिशन के लिए संबद्ध विभाग में पहली काउंसलिंग फिजिकल मोड में 21 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी और एडमिशन मिलने की सूरत में 22 अक्टूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करानी होगी। रिक्त सीटों की सूची 23 अक्टूबर को डिस्प्ले की जाएगी। दूसरी काउंसलिंग 24 अक्टूबर को डिस्प्ले की जाएगी और फीस 25 अक्टूबर तक जमा करानी होगी। रिक्त सीटों की सूची 26 अक्टूबर को जारी की जाएगी। तीसरी काउंसलिंग 5 नवंबर को आयोजित की जाएगी और फीस 6 नवंबर तक जमा होगी। कक्षाएं 6 नवंबर से प्रारंभ होंगी। एडमिशन की कट ऑफ डेट 20 नवंबर रहेगी। सर्टिफिकेट तथा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का ब्यौरा, पात्रता, सीटों की संख्या, फीस समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

# चुनाव डयूटी पर तैनात स्टाफ के मतदान के लिए स्थापित किए गए सुविधा केंद्र

**जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार बोले- 30 सितंबर को डयूटी पर तैनात स्टाफ की करवाई गई वोटिंग, एक व तीन अक्तूबर को भी स्टाफ कर सकता है मतदान**



**गरिमा टाइम्स न्यूज . रोहतक**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा आम चुनाव में डयूटी पर तैनात स्टाफ का मतदान करवाने के लिए चारों विधानसभाओं में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए है। फार्म नंबर 12 जमा करवाने वाले सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी इन केंद्रों पर एक व तीन अक्तूबर को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मत डाल सकते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जिला में चारों विधानसभाओं के लिए स्थानीय जाट शिक्षण संस्था में स्ट्रोंग रूम व नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए है। महम-60 विधानसभा के लिए महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में विज्ञान ब्लॉक के कमरा संख्या 102 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है।

इसी प्रकार गढ़ी-सांपला-किलोई-61 विधानसभा के लिए स्थानीय अखिल भारतीय जाट हीरोज मैमोरियल महाविद्यालय के भू-तल पर स्थित पुराना प्राचार्या कार्यालय के कमरा संख्या 3 में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। रोहतक-62 विधानसभा के लिए स्थानीय जाट हीरोज मैमोरियल एंगलो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है तथा कलानौर-63 (अजा.) विधानसभा के लिए स्थानीय सीआर शिक्षा महाविद्यालय के ब्लॉक संख्या एक में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव डयूटी में तैनात ऐसे अधिकारी व कर्मचारी इन सुविधा केंद्रों पर एक व तीन अक्तूबर को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते है, जिन्होंने फार्म नंबर 12 में आवेदन किया है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक कदम उठाए गए है, जिनमें चुनाव डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के मतदान के लिए स्थापित किए गए सुविधा केंद्र भी शामिल है।



## 3 अक्तूबर को चुनाव प्रत्याशियों के खर्च का होगा मिलान

**रोहतक।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के जिला में खर्च पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 3 अक्तूबर को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में चुनाव प्रत्याशियों के खर्च का लेखा टीमों द्वारा मिलान किया जाएगा।

खर्च पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इससे पूर्व दो बार प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का मिलान किया जा चुका है। तीसरी बार 3 अक्तूबर को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक लेखा टीमों द्वारा चुनाव प्रत्याशियों के खर्च का मिलान किया जायेगा। आयोग की हिदायतों अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान तीन बार चुनाव प्रत्याशियों के खर्च के ब्योरे के रजिस्टरों का मिलान करना अनिवार्य है। प्रत्याशियों द्वारा हर बार अपने खर्च रजिस्टरों का मिलान करवाना जरूरी है।



## वैश्य स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक**

महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की तैयारी चल रही है। सोमवार को वैश्य पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध व प्रायोगिकता आयोजित हुई। बच्चों ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत को लेकर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य शिक्षा संस्थानों के पूर्व प्रधान कृष्ण जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षता सरोज जैन ने की। संस्थान के महासचिव राजेंद्र गोयल व कोषाध्यक्ष चंद्र गर्ग उपस्थित रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल व सुशील गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा पूरे सप्ताह महाराज अग्रसेन जयंती मनाई जा रही है। इसी कड़ी में वैश्य शिक्षण संस्थानों में अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे महाराजा अग्रसेन के एक ईंट एक रुपया के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचा जा सके। राजेंद्र बंसल ने तीन अक्टूबर महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सतीश गोयल, सुनील जैन ,नीरज बंसल ने सभी अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देखकर किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी राजीव जैन, नितिन तायल ,परम भूषण आर्य ब्रिजवाला गुप्ता, साक्षी जैन, मुकेश गुप्ता, आशीष मित्तल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## रक्तदान सबसे पुण्य का काम है, जो जरूरतमंद को नया जीवन देता : तनेजा

**महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन**

**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को यूथ रेड क्रॉस समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में- स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बतौर मुख्यातिथि किया। प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर और सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। प्रो. तनेजा ने कहा कि रक्तदान सबसे पुण्य का काम है, जो जरूरतमंद को नया जीवन देता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए यूथ रेड क्रॉस समिति की सराहना की और बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वाईआरसी प्रोग्राम कोआर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने कुलसचिव का स्वागत किया और उन्हें रक्तदान शिविर बारे जानकारी दी। प्रो. अंजू धीमान और उनकी टीम ने इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन किया। वाईआरसी काउंसलर डा. कपिल मल्होत्रा, डा. रेखा ढींगरा, डा. कविता तथा डा. दीपक लठवाल ने आयोजन सहयोग दिया।

पीजीआई ब्लड बैंक से डा. निशु नैन और उनकी टीम सदस्यों- नेहा, कुसुम, रजनी, ऋतु छिक्कारा, ने रक्तदान कार्य का संचालन किया। समाजसेवी राजेश दलाल व मुकेश ने आयोजन में विशेष सहयोग दिया। निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने कार्यक्रम के अंत में मतदान शपथ दिलवाई।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण







**गरिमा टाइम्स न्यूज.रोहतक**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने सोमवार को महम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा इन केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार और पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने किशनगढ़ महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र संख्या 145 और 146 का जायजा लिया। इसी प्रकार उन्होंने गांव खरकड़ा में राजकीय उच्च विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र संख्या 173 पर मूलभूत सुविधाएं चेक की। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से बातचीत की तथा गत दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी हासिल की।

अजय कुमार ने ग्रामीणों का आह्वान किया यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका नजर आती है तो उसके बारे में तुरंत प्रभाव से प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि गांव में अवैध रूप से शराब की सप्लाई पर नजर रखें, यदि ऐसा कहीं होता है तो प्रशासन को सूचना दी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाए ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इसमें सबकी सकारात्मक भागीदारी जरूरी है। ऐसे में ग्रामीण न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके साथ-साथ चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में भी जिला प्रशासन का सहयोग करें। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान को शांति ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है तथा आवश्यकतानुसार अर्धसैनिक बल/पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना में संलिप्त होने वाले या असामाजिक तत्वों से पुलिस द्वारा सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गत लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर करवाया मतदान

**रोहतक विधानसभा में 30 चिन्हित मतदाताओं का करवाया गया पोस्टल बैलेट से मतदान**

रोहतक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई। दूसरे चरण में रोहतक विधानसभा के शेष 38 चिन्हित मतदाताओं तथा कलानौर विधानसभा के शेष 2 चिन्हित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट से घर से मतदान करवाने के लिए टीमें घर-घर पहुंची।

अजय कुमार ने कहा कि रोहतक विधानसभा में शेष 38 मतदाताओं के घर से मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों ने घर-घर जाकर मतदान करवाया। इन टीमों ने 30 मतदाताओं का पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से मतदान करवाया। इसी प्रकार कलानौर विधानसभा में शेष दो चिन्हित मतदाताओं के घर से मतदान के लिए टीम घर पहुंची। इनमें से एक मतदाता की मृत्यु हो चुकी है, जबकि दूसरा मतदाता किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। घर से मतदान की सुविधा के तहत संबंधित टीमों द्वारा दो बार ही घर-घर जाकर मतदान करवाने बारे हिदायतें है। घर से मतदान की सुविधा आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान में शामिल करने के दृष्टिगत उपलब्ध करवाई जा रही है।

## भजन मंडली लोगों को मतदान करने का दे रही है संदेश








**गरिमा टाइम्स न्यूज . रोहतक**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार के मार्गदर्शन में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से निरंतर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत 5 अक्तूबर को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की विभागीय भजन मंडली द्वारा निरंतर कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया जा रहा है। भजन मंडली द्वारा गीतों व भजनों के माध्यम से आसान भाषा में लोगों को मतदान के महत्व की जानकारी देकर मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभागीय भजन मंडली ने जिला के गांव ब्राह्मणवास में ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। भजन मंडली ने ग्रामीणों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर चुनाव में अपने मताधिकार का निडर व बिना प्रलोभन के प्रयोग करने का संकल्प दिलवाया।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार की देखरेख में विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आयुष विभाग द्वारा खेड़ी-सांपला स्थित आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्टाफ व महिलाओं को मतदाता जागरूकता शपथ ली। उपस्थित महिलाओं को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादाओं को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय एकता कॉलोनी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा कलानौर में आशा कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाखनमाजरा खंड में प्रेरणा महिला ब्लॉक संगठन के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली।

## जाट कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने तिलियार झील पर चलाया पुनीत सागर अभियान



**गरिमा टाइम्स न्यूज . रोहतक**

प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी रोहतक के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में मेघा पुनित सागर स्वच्छता अभियान के तहत जाट कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने तिलियार झील व उसके आसपास सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ का कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने स्वागत किया।जाट कॉलेज के प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिलियार झील पर सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने तिलियार झील और आसपास के इलाकों की सफाई कर स्वच्छता संदेश दिया।

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस बुधवार कैडेट्स को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि पुनीत सागर अभियान पूरे देश मे एनसीसी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को जलीय स्त्रोंतो की स्वच्छता के बारे में जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कैडेट्स को प्रेरित किया कि वे अपने जलीय क्षेत्र तालाब, नहर पर स्वच्छता बनाए रखें और अन्य को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें।प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ कैडेट्स को कहा कि वर्ष 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पुनीत सागर अभियान शुरू किया है। जिसके तहत सबसे पहले देश के समुद्री तटीय क्षेत्रों और नदियों के किनारों पर सफाई के लिए प्रेरित किया गया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि राष्ट्व्यापी पुनीत सागर अभियान जैसे कार्यक्रम देश में सकारात्मक बदलाव को रूप देने में मददगार हैं। एनसीसी पर्यावरण सुरक्षा के लिए अनुकूल परिस्थितियों को बढ़ावा देने के लिए इस पुनीत सागर अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहा हैं। उन्होंने कैडेट्स को अपने घर के आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को प्रेरित किया।एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी ने कहा कि प्रातः एनसीसी कैडेटस ने मिलकर झील के किनारों से पॉलीथिन, प्लास्टिक की बोतलें, कचरा आदि को उठाकर साफ-सफाई की। उन्होंने कैडेट्स को जागरूक करते हुए कहा कि पुनीत सागर अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीसी द्वारा हमारे राष्ट्र में सकारात्मक प्रभाव होता है।

पुनीत सागर अभियान कार्यक्रम में कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी, सूबेदार मेजर अमरजीत और हवलदार चंद्रमोहन व सभी एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

## एक नजर

### मोदी झारखंड में करेंगे 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड का दौरा करेंगे और 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी झारखंड के हज़ारीबाग में दोपहर बाद लगभग दो बजे देश भर में जनजातीय समुदायों के व्यापक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू करेंगे। यह अभियान लगभग 63 हजार गांवों को कवर करेगा, जिससे 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2740 ब्लॉकों में पांच करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

### खरगे दीर्घायु हों, विकसित भारत का निर्माण देखें : शाह

नयी दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी पर दुख जताया है और कामना की है कि खरगे दीर्घायु हों और अपनी आंखों से 2047 में विकसित भारत का निर्माण भी देखें। शाह ने सोमवार को एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷कल कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी ने अपने भाषण में बिल्कुल अरुचिकर और अपमानजनक बोलकर खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को मात दे दी। द्वेष का कड़वा प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अनावश्यक रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह श्री मोदी को सत्ता से हटाकर ही प्राण त्यागेंगे।

### नौवें आयुर्वेद दिवस का विषय 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार'

नयी दिल्ली। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय 'वैश्विक स्वास्थ्य के साथ आयुर्वेद नवाचार' होगा जिसमें देश विदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर 29 अक्टूबर को होने वाले आयुर्वेद दिवस समारोह का मुख्य आयोजन राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में होगा जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञों के शामिल होने की संभावना है।

### खड़े ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत सभी एक ही परिवार के

सासाराम,(एजेंसी)। बिहार के रोहतास जिले में एक यात्री बस के खड़े ट्रक में टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। सभी यात्री राजस्थान से गया पिंडदान करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोमवार को चेनारी थाना क्षेत्र के सबराबाद के नजदीक हुई। यात्रियों की बस राजस्थान के झालावाड़ जिले से आई थी, अचानक सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान बालू सिंह, नरेंद्र सिंह और गोवर्धन सिंह के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को नींद की झपकी से यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### लड्डू विवाद- मिलावट करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई: एक्टर सुमन

अनंतपुर,(एजेंसी)। दक्षिण फिल्म अभिनेता सुमन ने सोमवार को तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिसने भी आस्था के साथ खिलवाड़ किया है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हिंदुओं की भावनाओं खिलवाड़ किया गया है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को फिर दोहराता हूं कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। सुमन अनंतपुर के गुंथकल्लू में एक दुकान का उद्घाटन कर रहे थे। जहां उन्होंने तिरुपति के लड्डू विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बता दें आंध्र के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के शासन में लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिली थी। सीएम ने इसे लेकर एसआईटी द्वारा जांच कराने के आदेश दिए थे। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू के दावों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने झूठे आरोप लगाकर तिरुमला मंदिर की प्रतिष्ठा को कम किया है और भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस मामले को लेकर आज यानी सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होना है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। सुब्रमण्यस्वामी, वाईवी सुब्बारेड्डी और विक्रम संपत ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित कर न्यायिक जांच की मांग उठाई है।

### आश्रय गृह से चार नाबालिग लड़कियां लापता, तलाश जारी

मुंबई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे में एक सरकारी आश्रय स्थल में रहने वाली चार नाबालिग लड़कियां कथित तौर से लापता हो गई हैं। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि 13 से 17 साल की ये लड़कियां उल्हासनगर (ठाणे), यूपी, बांग्लादेश और मुंबई के मानखुर्द की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि ये लड़कियां देर रात आश्रय गृह से भाग गईं। आश्रय स्थल के प्राधिकारियों ने कल्याण, अमरनाथ और उल्हासनगर रेलवे स्टेशन समेत कई स्थानों पर उनकी तलाश की। उनका पता नहीं चलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि नाबालिगों की तलाश की जा रही है।

### दक्षिणी दिल्ली में सांडों की लड़ाई से मची भगदड़ पांच लोग घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी की गली नंबर 15 में संत निरंकारी स्कूल के सामने दो सांड की लड़ाई के चलते भगदड़ मच गई। इस दौरान पांच लोग घायल हो गए। वहीं, कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। घटना शनिवार रात की है। इसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, सभी घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी है। आस-पास के लोगों का कहना है कि सांड की लड़ाई तरीबन 20 से 25 मिनट तक चली। लोगों ने उन्हें हटाने की कोशिश की, लेकिन लड़ाई क़ाफी भयानक थी। वीडियो में देखा जा रहा है कि इनकी लड़ाई के दौरान भगदड़ का माहौल बना रहा। लोग खुद और अपने वाहनों को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

# आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कानून का शासन जरूरी: मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि कानून के शासन के कारण ही देश में आर्थिक तथा सामाजिक विकास संभव है और कानून के शासन की बहाली में पुलिस सेवा का महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय पुलिस सेवा परिवीक्षाधीनों के एक समूह ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं में से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अपना एक महत्व है। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था न केवल शासन का



आधार है बल्कि यह आधुनिक राज्य का भी आधार है। सरल शब्दों में कोई यह भी कह सकता है कि कई स्थानों और कई स्थितियों में वे साथी नागरिकों के लिए सरकार का चेहरा होंगे और वे राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ उनका पहला इंटरफ़ेस होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि भारत आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखता है, इसलिए पुलिस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास और सामाजिक विकास केवल वहीं संभव है जहां कानून का शासन कायम है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाता है।

श्रीमती मुर्मु ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हाल के वर्षों में भारतीय पुलिस सेवा में महिला अधिकारियों की संख्या तेजी से बढी है। उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती संख्या पुलिसिंग के समग्र चरित्र को बेहतरी के लिए बदल सकती है, पुलिस-सामुदायिक संबंधों में सुधार कर सकती है और राष्ट्र के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था के रखरखाव, अपराध की रोकथाम और पता लगाने के साथ-साथ पुलिसिंग के अन्य पहलुओं की दृष्टि से प्रौद्योगिकी में प्रगति से लाभ हुआ है। हालाँकि, दूसरा पक्ष यह है कि अपराधियों और आतंकवादियों ने भी प्रौद्योगिकी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। जब दुनिया भर में साइबर अपराध और साइबर युद्ध बढ़ रहे हैं, तो आईपीएस अधिकारियों से तकनीक-प्रेमी होने और अपराधियों से एक कदम आगे रहने की उम्मीद की जाएगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईपीएस अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारियां कभी-कभी बहुत तनावपूर्ण हो सकती हैं। इसलिए, उन्हें योग, प्राणायाम और विश्राम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने उन्हें यह भी याद रखने की सलाह दी कि 'आईपीएस' में 'एस' का मतलब सेवा है। उन्होंने कहा कि उनका सर्वोपरि नारा देश

## मोदी जी 100 सालों तक हैं, तब तक राहुल गांधी बूढ़े हो जाएंगे

**खड़गे के हालिया बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कसा तंज**

पटना,(एजेंसी)। बेगूसराय से बीजेपी सांसद और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान जिसमें खड़गे ने कहा था कि मैं तब तक नहीं मरूंगा, जब तक मोदी को सत्ता से हटा ना दूं। इस पर गिरिराज ने कहा कि इस बयान से साफ है कि खड़गे साहब राहुल गांधी के विरोधी हैं। मोदी जी 100 सालों तक हैं, और तब तक राहुल बूढ़े हो जाएंगे।

ऐसी स्थिति में राहुल गांधी को इस पद तक पहुंचने का मौका ही नहीं मिलेगा।

गिरिराज ने खड़गे को चेतावनी देते हुए कहा कि पीएम मोदी का शासन देश की जनता के दिलों पर होगा और कोई भी सत्ता परिवर्तन



करने में सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि खड़गे साहब, एक बात समझ लीजिए, पीएम मोदी हजार सालों तक देश की जनता के दिलों पर राज करेंगे। कोई जिंदा रहे या मर जाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मोदीजी गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। बता दें मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने जसरोटा गए थे, जहां मंच पर ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उनकी उम्र 83 वर्ष है, और उन्होंने स्वास्थ्य को लेकर अपनी टिप्पणी की थी।

## सीबीआई ने 32 ठिकानों पर छापेमारी कर 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के अलग-अलग शहरों में 32 ठिकानों पर छापामारी करते हुए 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एजेन्सी ने इस साइबर अपराध नेटवर्क के बारे में जानकारी मिलने के बाद 26 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया था। एजेन्सी ने पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर तलाशी ली। सीबीआई ने चार अवैध कॉल सेंटरों रीजेंट प्लाजा, पुणे में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मुरली नगर, विशाखापत्तनम में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में मेसर्स वियाजेक्स सॉल्यूशंस और , विशाखापत्तनम में मेसर्स अटरिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में चल रही ऑनलाइन आपराधिक गतिविधियों में शामिल 170 लोगों को रंगे हाथ पकड़ा और उनसे पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर जांच एजेन्सी ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पुणे से 10, हैदराबाद से पांच और विशाखापत्तनम से 11 गिरफ्तारियां शामिल हैं। अवैध कॉल सेंटरों के कर्मचारियों से पूछताछ और जांच की जा रही है।

सीबीआई ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 और 318, 2023 तथा 66-डी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। इन कार्रवाइयों के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। इस साइबर अपराध नेटवर्क द्वारा आपराधिक गतिविधि और पीड़ितों को धोखा देने के लिए उपयोग की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, वित्तीय जानकारी, संचार रिकॉर्ड और आपत्तिजनक सामग्री सहित 951 वस्तुएं और 58 लाख 45 हजार रुपये नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं।

ये साइबर अपराधी कई प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल थे, जिसमें तकनीकी सहायता सेवाओं के रूप में प्रतिरूपण करना और पीड़ितों से संपर्क करना शामिल था। पीड़ितों को यह विश्वास दिलाया गया कि उनकी पहचान चुरा ली गई है और उनके बैंक खातों में बड़ी संख्या में अनधिकृत लेनदेन किए जा रहे हैं। पीड़ितों को झूठा विश्वास दिलाया गया कि वे कथित तौर पर दिए गए संदिग्ध आदेशों के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी में थे।

## अडानी के पास पैसा सुनामी की तरह आता है, आपके अकाउंट से तूफान की तरह जाता है

अंबाला। हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंबाला की जनसभा में मोदी सरकार और अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी खेत में मेहनत नहीं करते और न ही कोई छोटा व्यापार। हर सुबह उनके बैंक अकाउंट में सुनामी की तरह पैसा आता है जबकि आपके बैंक अकाउंट से पैसा तूफान की तरह जाता है।



राहुल गांधी ने कांग्रेस की नई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने दो जहार रुपए जमा किए जाएंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए हर महीने छह हजार रुपए का योगदान देंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां का किसान पूरे देश का अन्नदाता है। आपने लंबे समय तक आंदोलन किया, लेकिन आपको भरोसा दिया गया कि एनएसपी मिलेगी, जो आज तक नहीं मिली। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल और सरकार ने इस दिशा में कुछ नहीं किया।

## डिस्को डांसर मिथुन को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के लिए पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली,(एजेंसी)। इस साल का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने अभिनेता मिथुन को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा- मुझे खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक कल्चरल आइकन हैं, जिन्हें अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए सराहना मिली है।



मिथुन चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1976 में मृणाल सेन की फिल्म मृगया से की थी, जिसके लिए उन्हें पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। यह फिल्म भारत और सोवियत संघ में बड़ी हिट रही थी। इसके बाद 1982 में आई फिल्म डिस्को डांसर से मिथुन मशहूर हो गए। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार भारत का सबसे बड़ा सिनेमा पुरस्कार है, जो हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा के विकास में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। हाल ही में, मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया था। उस समय मिथुन ने कहा था कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने कभी भी अपने लिए किसी से कुछ नहीं मांगा।

## नसरल्लाह की मौत पर लखनऊ में हजारों शिया सड़कों पर उतरे, जताया शोक

लखनऊ । हिज़बुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद लखनऊ में शिया समुदाय में गहरा शोक है। जैसे ही यह खबर सामने आई तो लखनऊ में आधी रात को करीब दस हजार से ज्यादा लोग सड़कों पर उतर आए और मातम करना शुरू कर दिया। शिया धर्मगुरुओं ने नसरल्लाह की मौत पर तीन दिन का शोक मानने का ऐलान किया है।

लखनऊ के पुराने शहर में हजारों लोग रात में इकट्ठा हुए और मातमी जुलूस निकाला। लोग हाथों में काले झंडे और बैनर लिए नजर आए। धार्मिक नारों के साथ शांति की अपील भी की गई। यह दृश्य न सिर्फ शिया समुदाय की भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठे भावनात्मक माहौल का एक उदाहरण है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

नसरल्लाह की मौत की पुष्टि हिज़बुल्लाह ने शनिवार को की थी जब इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया कि उन्होंने हिज़बुल्लाह चीफ को मार दिया है। नसरल्लाह 1982 में लेबनान पर इजरायली आक्रमण के बाद हिज़बुल्लाह की स्थापना के समय से संगठन के साथ जुड़े हुए थे और 1992 में नसरल्लाह इसके नेता के रूप में कार्यभार संभाला।

## सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना 'तिरुपति लड्डू' विवाद पर चंद्रबाबू के बयान पर जतायी नाराजगी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'तिरुपति लड्डू' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, ÷18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक आपूर्तिकर्ता की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने हालांकि यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा, ÷हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए।

आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया।

# डिजिटल रेडियो प्रसारण नीति पर परामर्श पत्र जारी

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज 'निजी रेडियो प्रसारकों के लिए डिजिटल रेडियो प्रसारण नीति तैयार करने'के संबंध में परामर्श पत्र जारी करते हुये हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की। ट्राई ने यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्तमान में, भारत में एनालॉग टेरेस्टेरियल रेडियो प्रसारण, मीडियम वेव (एमडब्ल्यू) (526-1606 किलोहर्टज), शॉर्ट वेव (एसडब्ल्यू) (6-22 मेगाहर्टज) और वीएचएफ -द्धद्ध (88-108 मेगाहर्टज) स्पेक्ट्रम बैंड में किया जाता है। इस बैंड में, वीएचएफ -2 बैंड को फ्रीक्रेंसी मॉड्यूलेशन (एफएम) प्रौद्योगिकी शामिल किए जाने के कारण एफएम बैंड के रूप में जाना जाता है। ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) - सार्वजनिक सेवा प्रसारक के तौर पर एम डब्ल्यू, एस डब्ल्यू और एफ एम बैंड के माध्यम से रेडियो प्रसारण सेवाएं प्रदान करता है। निजी क्षेत्र के रेडियो प्रसारकों को केवल एफएम फ्रीक्रेंसी बैंड (88-108 मेगाहर्टज) में कार्यक्रम प्रसारित करने का लाइसेंस दिया गया है। डिजिटल रेडियो प्रसारण से एनालॉग रेडियो प्रसारण की तुलना में कई प्रकार के लाभ प्राप्त किए जाएंगे। डिजिटल रेडियो प्रसारण का मुख्य लाभ, एक ही फ्रीक्रेंसी पर तीन से चार चैनल प्रसारित करने की क्षमता के साथ ही सभी चैनलों के लिए आवाज़ की उत्कृष्ट गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। एनालॉग मोड में एक फ्रीक्रेंसी पर केवल एक चैनल का प्रसारण संभव होता है। प्रतिस्पर्धी माहौल में, डिजिटल रेडियो प्रसारण, श्रोताओं को लगातार सुधार वाली सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ रेडियो प्रसारकों को रोमांचक नए अवसर भी प्रदान कर सकता है। आकाशवाणी ने अपने एनालॉग एमडब्ल्यू और एसडब्ल्यू रेडियो प्रसारण नेटवर्क का डिजिटलीकरण शुरू कर दिया है और अपने मौजूदा 38 एनालॉग ट्रांसमीटरों की जगह डिजिटल ट्रांसमीटर लगा दिए है। उसने एफएम बैंड में भी डिजिटल रेडियो प्रौद्योगिकियों के लिए परीक्षण कर लिए हैं। हालांकि, निजी एफएम रेडियो प्रसारकों द्वारा एफएम बैंड के डिजिटलीकरण में अभी तक कोई भी पहल नही की गई है। डिजिटल रेडियो प्रसारण व्यवस्था लागू किए जाने को सुविधाजनक बनाने वाले एक इको-सिस्टम को तैयार करने के लिए, ट्राई ने 1 फरवरी 2018 को ÷भारत में डिजिटल रेडियो प्रसारण से सम्बंधित मुद्दों÷ के लिए अपनी सिफारिशें दीं। प्राधिकरण ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि रेडियो प्रसारकों, ट्रांसमिशन उपकरण निर्माताओं और डिजिटल रेडियो रिसीवर निर्माताओं सहित सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने और डिजिटल रेडियो प्रसारण के लिए इकोसिस्टम विकसित करने के लिए सामूहिक रूप से काम के लिए प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता थी।

# संपादकीय

## इजराइल के खौफ से सारी दुनिया सहमी, संयुक्त राष्ट्र संघ और हाथी के दांत

इजराइल का खौफ सारी दुनिया में छा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था भी इजराइल के सामने अपने आप को बेबस मान रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध विराम के निर्देश को इजराइल ने नहीं माना। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक से बाहर निकलने के तुरंत बाद लेबनान में हिजबुल्लाह के मुख्यालय में भारी बमबारी कर नए युद्ध का शंखनाद इजराइल ने कर दिया है। हिजबुल्ला के प्रमुख सैयद हसन नसरुल्लाह के साथ कई लोग इस हमले में मारे गए। हिजबुल्ला का मुख्यालय शहरी इलाके में था। 80 टन बारूद के बमों से हमले किए गए। 40 फ़ीसदी बेरूत बर्बाद हो गया है। हजारों लोगों की मौत हो गई है। यहां के लोगों को सड़कों पर आकर रहना पड़ रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से लेबनान को तबाह करने की धमकी देते हुए विश्व जनमत को न केवल हतप्रभ किया था। वरन लेबनान पर हमला करके जो तबाही बेरूत में मचाई है, उसके बाद सारी दुनिया के देश इजराइल से खौफ़ज़दा हो गए हैं। इजराइल और हमास का युद्ध जब से शुरू हुआ है। उसके बाद लेबनान के साथ भी इजराइल का युद्ध शुरू हो गया है। तब से लेकर अभी तक लगभग 80000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 13 मई 2024 को संयुक्त राष्ट्र संघ की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। उसके अनुसार 35000 से ज्यादा लोग गाजा पट्टी में सामान्य नागरिक एवं हमास के लोग मारे जा चुके थे। इनमें से 7797 नाबालिग बच्चे, 4959 महिलाएं और 19924 बुजुर्गों की पहचान की गई थी। इजराइल ने अस्पताल और राहत शिविरों में भी लगातार बमबारी की। रेड क्रॉस जैसी संस्था औचित्यहीन हो गई। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह की चेतावनी अभी हिज्बुल्लाह संगठन को लेकर दी है, वैसी ही चेतावनी कई माह पहले उन्होंने हमास को लेकर दी थी। जिस तरह का नरसंहार इजराइल द्वारा किया जा रहा है। उसके बाद अब नर पिसाच के रूप में भी नेतन्याहू की पहचान सारी दुनिया में बनने लगी है। इजराइल ने जिस तरह से लेबनान में सिल-सिलेबार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में धमाके कराकर हिजबुल्लाह के लड़ाकुओं को अपने निशाने पर लिया। यह युद्ध का एक नया तरीका था। इजराइल ने लेबनान में करीब 5000 से अधिक पेजर में ब्लास्ट कराकर हजारों हिजबुल्लाह के लड़ाकुओं को एक साथ समाप्त कर दिया। कई स्थानों पर वॉकी-टॉकी में भी विस्फोट हुए। इसके बाद सारी दुनिया के देशों में इजराइल को लेकर एक नई दहशत फैल गई है। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरणों के माध्यम से जासूसी और ट्रैकिंग का एक जाल बिछाया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अब हथियार बनाकर इजराइल द्वारा जो हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध की नवीन तकनीकी से इजराइल के सहयोगी देश भी दहशत में आ गए हैं। अमेरिका जैसा देश भी इजराइल से भयभीत हो गया है। यह सब आश्चर्यचकित करने वाला है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पास जो ताकत है, उसके बाद से वह अपनी ताकत को लेकर मदमस्त हैं। वह सारी दुनिया को अपनी उंगलियों में नचाने की मुद्रा में आ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में उन्होंने जो कहा है। उससे ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। सारी दुनिया के देश यह समझने में लगे हैं। इजराइल के पास ऐसी कौन सी ताकत है, जिसके कारण इजराइल सारी दुनिया के देशों के लिए एक चुनौती बन गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री जिस तरह से ईरान और अन्य देशों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उसके बाद से सारी दुनिया के देशों में एक अज्ञात भय देखने को मिल रहा है। ईरान के राष्ट्रपति को अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। इजराइल ने जिस तरह से संचार माध्यमों को अपना हथियार बनाया है। बहुत कम खर्चे में हजारों किलोमीटर दूर बैठकर अपने विरोधियों को खत्म करने की जो नई तकनीकी इजराइल के पास है। उससे सारी दुनिया में भय फैल गया है। यह पागलपन इजराइल के लिए भी संकट का कारण बन सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सिर में जिस तरह का खून सवार है। वह अपने और परायों का भी भेद नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ की बात भी नहीं मान रहे हैं। ऐसी स्थिति में दुनिया के देश तबाही के नए कगार पर आकर खड़े हैं। इजराइल के संकट से निपटने के लिए दुनिया के कई देश एकजुट होकर इजराइल का मुकाबला करने के लिए तैयार होते दिख रहे हैं। एक बार फिर सारी दुनिया में तृतीय विश्व युद्ध जैसे हालात बनते हुए दिख रहे हैं। इसमें कितनी तबाही होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। पिछले 100 सालों में दुनिया के देशों में जो सामाजिक और आर्थिक विकास हुआ है। तकनीकी के इस दौर में, उसे किस स्तर तक बचा के रखा जा सकता है। यह एक बड़ी चुनौती दुनिया के देशों के सामने आकर खड़ी हो गई है। जब लड़ाई होती है, तो दोनों ही पक्षों को भारी नुकसान होता है। निश्चित रूप से लड़ाइयों से किसी का फायदा होने वाला नहीं है। इजराइल की अर्थव्यवस्था दिनों-दिन खत्म होती जा रही है। इजराइल के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है। इस युद्ध से इजराइल को क्या मिलेगा, यह कहना मुश्किल है। इजराइल के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में नेतन्याहू को ताकत का जो अहंकार आ गया है, उसे वह जरूर पूरा होता हुआ मान रहे होंगे। दुनिया के सामने सबसे ताकतवर व्यक्ति नेतन्याहू बनना चाहते हैं।

## कृष्ण हैं परम पुरुष

जीव तथा भगवान की स्वाभाविक स्थिति के विषय में अनेक दार्शनिक ऊहापोह में रहते हैं। जो भगवान कृष्ण को परम पुरुष के रूप में जानता है, वह सारी वस्तुओं का ज्ञाता है। अपूर्ण ज्ञाता परम सत्य के विषय में केवल चिन्तन करता जाता है, जबकि पूर्ण ज्ञाता समय का अपव्यय किये बिना सीधे कृष्णभावनामृत में लग जाता है, अर्थात भगवान की भक्ति करने लगता है। सम्पूर्ण भगवद्गीता में पग-पग पर इस तथ्य पर बल दिया गया है। फिर भी भगवद्गीता के ऐसे अनेक कट्टर भाष्यकार हैं, जो परमेर तथा जीव को एक ही मानते हैं। वैदिक ज्ञान श्रुति कहलाता है, जिसका अर्थ है श्रवण करके सीखना। वास्तव में वैदिक सूचना कृष्ण तथा उनके प्रतिनिधियों जैसे अधिकारियों से ग्रहण करनी चाहिए। यहां कृष्ण ने हर वस्तु का अंतर सुन्दर ढंग से बताया है, अतएव इसी स्रोत से सुनना चाहिए। लेकिन केवल सुनना पर्याप्त नहीं है। मनुष्य को चाहिए कि अधिकारियों से समझे। ऐसा नहीं कि केवल शुष्क चिन्तन ही करता रहे। मनुष्य को विनीत भाव से भगवद्गीता से सुनना चाहिए कि सारे जीव सदैव भगवान के अधीन हैं। जो भी इसे समझ लेता है, वही श्रीकृष्ण के कथनानुसार वेदों के प्रयोजन को समझता है, अन्य कोई नहीं समझता।

भजति शब्द अत्यन्त सार्थक है। कई स्थानों पर भजति का संबंध भगवान की सेवा के अर्थ में व्यक्त हुआ है यदि कोई व्यक्ति पूर्ण कृष्णभावनामृत में रत है, अर्थात् भगवान की भक्ति करता है, तो यह समझना चाहिए कि उसने सारा वैदिक ज्ञान समझ लिया है। वैष्णव परंपरा में कहा जाता है कि यदि कोई कृष्ण-भक्ति में लगा रहता है, तो उसे भगवान को जानने के लिए किसी अन्य आध्यात्मिक विधि की आवश्यकता नहीं रहती। वह ज्ञान की समस्त प्रारंभिक विधियों को पार कर चुका होता है। लेकिन यदि कोई लाखों जन्मों तक चिन्तन करने पर भी इस लक्ष्य पर नहीं पहुंच पाता कि श्रीकृष्ण ही भगवान हैं और उनकी ही शरण ग्रहण करनी चाहिए, तो उसका अनेक जन्मों का चिन्तन व्यर्थ जाता है।

# कहीं बलि की बकरी न बन जाएँ सीतारमण

**राकेश अचल**

लेबनान में नसरल्लाह की मौत और जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के चुनावी शोरगुल में एक बड़ी खबर दबकर रह गयी । ये खबर बहुचर्चित इलेक्टोरल बांड से जुड़ी है । इस खबर के मुताबिक बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के ख़िलाफ़ जबरन वसूली और आपराधिक साज़िश का मुक़दमा दर्ज कर लिया गया है।



निर्मला सीतारमण जी इस देश की सबसे सबल और निर्मल वित्तमंत्री हैं। वे रक्षा मंत्री तो अच्छी साबित नहीं हुई किन्तु बतौर वित्तमंत्री उन्होंने भाजपा की नयी और पुरानी सरकार के लिए ऐसे-ऐसे सीताराम बजट बनाये की सरकार की बल्ले-बल्ले हो गयी और जनता आह भी नहीं भर पायी, जबकि उसके हिस्से में सिवाय मंहगाई और करों के बोझ के अलावा कुछ नहीं आया । वे माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी मंत्रिमंडल की पहली महिला सदस्य हैं जिनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है। दरअसल ये मुकदमा तो बिट्टू के खिलाफ होना चाहिए था। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को देश का आतंकी नंबर वन कहा था।

आपको बता दूँ कि कोर्ट ने ये फ़ैसला आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनाया था. आदर्श जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष हैं. उन्होंने मार्च में स्थानीय पुलिस को एक शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश के अगले ही दिन यानी शनिवार दोपहर करीब तीन बजे एफ़आईआर दर्ज की गई। जेएसपी एक ऐसी संस्था है जो शिक्षा का अधिकार क़ानून और बाक़ी मुद्दों से जुड़ी समस्याओं को उठाती रही है। कोर्ट ने अपना काम कर दिया है,अब आगे का काम पुलिस को करना है।

सब जानते हैं कि निर्मला जी बेहद ईमानदार ,वफादार और तेज-तर्रार वित्त मंत्रीं ह। ये बात अलग है कि उनके फैसलों और उनके बनाये बजटों से उनके अपने पति भी खुश नहीं होते,देश कि जनता के खुश होने कि बात तो दूर की बात है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फ़ैसला किया था। निर्मला सीतारमण ने कहा था कि चुनाव लड़ने के लिए उनके पास पैसों की कमी है और आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे दक्षिण के राज्यों में जीत के लिए जो मानदंड होते हैं, उन पर वह खरी नहीं उतरती हैं। उनकी बात पर यकीन करना मुश्किल है क्योंकि उनकी ही वजह से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के इस प्रस्ताव के जरिये सरकार इलेक्टोरल बांड के जरिये 6 हजार करोड़ से ज्यादा का चुनावी चंदा जुटाने में कामयाब हुई थी ।

यदि आप अपनी याददाश्त पर जोर डालें तो आपको याद आ जाएगा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड या चुनावी बॉन्ड 2017 में शुरुआत से लेकर 15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किए जाने तक भारत में राजनीतिक दलों के लिए फंडिंग का एक तरीका था। इनकी समाप्ति के बाद, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक को दानकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं की पहचान और अन्य विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया, जिसे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित किया।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बंद को असाम्वीधनीक तो घोषित कर दिया था लेकिन न बांड से मिले धन को राजसात करने के बारे में कुछ कहा और न किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

जहाँ तक मुझे याद है कि एक अनुमान के अनुसार, मार्च 2018 से अप्रैल 2022 तक की अवधि के दौरान ?9,857 करोड़ के मौद्रिक मूल्य के बराबर कुल 18,299 चुनावी बांड का सफलतापूर्वक लेन-देन किया गया।

बाद में 7 नवंबर 2022 को चुनावी बॉन्ड योजना में संशोधन किया गया, ताकि किसी भी विधानसभा चुनाव वाले वर्ष में बिक्री के दिनों को 70 से बढ़ाकर 85 किया जा सके। चुनावी बॉन्ड (संशोधन) योजना, 2022 पर निर्णय गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों से कुछ समय पहले लिया गया था, जबकि दोनों राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी।

ख़ुशी की बात ये है कि जो काम देश कि सर्वोच्च अदालत करना भूल गयी थी उसे बेंगलूर कि एक अधीनस्स्थ अदालत ने पूरा कर दिखाया। अब केंद्र के सर्वविदित हथियार ईडी और सबसे ईमानदार मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के खिलाफ पुलिस में बाकायदा एफआईआर दर्ज की गयी है । आप कह सकते हैं कि अब आया है ऊँट पहाड़ के नीचे। अब यदि पुलिस ईमानदारी से फुर्ती के साथ मामले कि जांच कार आरोपियों को अदालत कि दहलीज पर ला खड़े करे तो एक बड़ा काम हो जाये।

कायदे से तो श्रीमती निर्मला सीतारामण जैसी ईमानदार मंत्री को ये एफआईआर दर्ज होते ही नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देते हुए राजनीति से सन्यास कि घोषणा कर देना चाहिए ,लेकिन ऐसा होगा नहीं। नैतिकता से सीता जी का और उनकी पार्टी से दूर-दूर का रिश्ता नहीं है। निर्मला जी बलि कि मकरी बन रहीं है। उन्होंने तो जानबूझकर कुछ किया नहीं, जो उनसे पार्टी और सरकार ने कहा वो उन्होंने किया। वे और कर भी क्या सकती थीं । वे अपने खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद इस्तीफा दे सकतीं है लेकिन उनकी पार्टी और उनकी सर्कार के नेता ही उन्हें इस्तीफा देने नहीं देंगे।

इलेक्टोरल बांड के जरिये धन वसूली के मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक ही नहीं बल्कि इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है ,कर्नाटक में कांग्रेस कि सरकार ह। कांग्रेस कि सरकार हहै तो एपीआई पुलिस को सक्रिय कर इस मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक कि गिरफ्तारी करा सकती है ,लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अभी खुद भ्र्ष्टाचार के एक मामले में उलझे हुए हैं।

सीता जी और ईडी प्रमुख के खिलाफ एफआईआर होने के मुद्दे का लाभ कांग्रेस और दूसरे दल हरियाणा और जम्मु-कश्मीर के विधानसभा चुनावोंमें शायद न उठा पाए लेकिन विपक्ष को मौक़ा हैकि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में वो इस मुद्दे पर सरकार और भाजपा को घेर। फ़िलहाल हमारी सहानुभूति श्रीमती निर्मला सीतारमण और ईडी के निदेशक के साथ है।

# आदिवासी अधिकारवाले पेसा कानून पर गरमाई राजनीति

**कुमार कृष्णन**

लंबे जन संघर्ष के बाद 1996 में देश में पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा के नाम से जाना जाता है, लागू हुआ।

मध्य प्रदेश के झाबुआ से सांसद रहे दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसकी अनुशंसा पर ही यह मॉडल कानून बना था।

इस क़ानून के अनुसार, पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को आदिवासी समुदायों के गांव, समाज, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति के अनुरूप लागू किया जाना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों का वर्चस्व है। ये क्षेत्र 73वें संविधान संशोधन या पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते थे। पेसा अधिनियम का उद्देश्य भारतीय संविधान के भाग ढ्ढङ्क के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करना है। यह पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है।पांचवीं अनुसूची आदिवासियों की स्वशासन प्रणाली के संरक्षण और उनके सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास के लिए संवैधानिक ढांचा देती है।पेसा स्पष्ट रूप से कहता है कि आदिवासी समुदाय की समझ एवं परंपरा के अनुसार 'गांव' को परिभाषित किया जाना है।गांव की ग्राम सभा, जिसमें गांव के सभी मतदाता सदस्य होंगे, ही सामुदायिक संपत्तियों जैसे जल, जंगल, ज़मीन आदि की मालिक होगी। गांव में किसी प्रकार का भी विकास का कार्य ग्राम सभा की अनुमति से ही किया जाएगा।ग्राम सभा का निर्णय और राय सर्वोच्च माने जाएंगे।

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधन प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं। जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में बंधुआ मजदूरी की प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रवासी मजदूरों का रिकॉर्ड भी रखने का भी अधिकार देता है।देश के सात आदिवासी बहुल राज्यों ने इसे लागू कर दिया है।इसमें ग्राम सभा को अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आदिवासियों के अधिकार को लेकर पेसा एक्ट, 1996 यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया का मामला गरमाने लगा है।कई जगह नारा गुंजने लगा है- पहले पेसा कानून फिर वोट, नहीं पेसा कानून तो नहीं वोट। राज्यपाल संतोष गंगवार भी कह चुके हैं कि राज्य में पेसा कानून लागू करने की जरूरत है। वहीं झारखंड दौरे पर आयी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करें। झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है।झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए।गांव के गांव खाली हो गए हैं।उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, लेकिन झारखंड में नहीं।

हालांकि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच पी-पेसा एक्ट के तहत नियमावली की बात कर रहा है। यहां पी– पेसा में पी का मतलब उन 23 प्रावधान से है, जो अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष अधिकार देता है।

यह मामला इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि 29 जुलाई 2024 को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। यह मियाद कुछ दिन में पूरी होने वाली है। लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक नियमावली को लेकर तस्वीर साफ नहीं की गई है। बहुत जल्द झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है।इसलिए आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवी संगठनों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।

आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के विक्टर मालतो का कहना है कि झारखंड में जब पी-पेसा के तहत नियमावली बनी ही नहीं है तो फिर अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा कैसे गठित हो सकती है। स्पष्ट है कि फर्जी ग्रामसभा बनाकर जमीन अधिग्रहण, बालू घाटों की नीलामी हो रही है, जो संविधान के खिलाफ है। इससे अदिवासियों का हक छीना जा रहा है। यही नहीं फर्जी ग्राम सभा के जरिए डीएमएफटी और ट्राइबल सब प्लान के फंड का दुरुपयोग हो रहा है।

विक्टर मालतो के अनुसार तीन तरह की ग्राम सभाएं होती हैं। एक अनुच्छेद 243(ए) के तहत ग्राम सभा होती है जो ग्राम पंचायत के माध्यम से चलती है। दूसरा वनाधिकार अधिनियमौ, 2006 के तहत ग्राम सभा होती है जो जमीन आवंटन के लिए होती है। तीसरी ग्राम सभा पारंपरिक होती है,जो संसद से पारित पेसा कानून के तहत चलती है।लेकिन राज्य सरकार इस संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इसलिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। तब कोर्ट ने हमारे हक में आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को दो माह के भीतर पी-पेसा के तहत नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है।

पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव का कहना है कि- अनुसार ड्राफ्ट नियमावली को लेकर जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) से सुझाव लिए गये थे। इसके अलावा 14 विभागों का भी मंतव्य लिया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में ड्राफ्ट नियमावली प्रकाशित की गई थी। इस आधार पर करीब 400 अतिरिक्त सुझाव आए। इनमें से 267 सुझाव लिए जा चुके हैं। इस मामले में विधि विभाग से भी सहमति मिल गई है। इसी बीच ट्राइबल एडवाइज़री कमेटी में भी बात उठी।कुछ विधायकों की ओर से आपत्तियां भी आईं। उन आपत्तियों पर मंथन किया जा चुका है।

निदेशक निशा उरांव के मुताबिक इस मसले पर मुख्य सचिव के स्तर पर एक और समीक्षा संभव है। कोर्ट के आदेश के आलोक में फाइनल नियमावली जारी करने की तो सरकार के स्तर पर कोर्ट में राय प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के जो सुझाव हैं वो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 2010 और 2017 के आदेश के दायरे में नहीं आते हैं।

पेसा के तहत ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए मॉड्यूल बनाने को लेकर केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने 15 मार्च 2024 को एक आदेश जारी किया था। इसके तहत लघु वन उत्पाद, लघु खनिज, भूमि के हस्तांतरण की रोकथाम, शराब और नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध, धन उधार देने पर नियंत्रण, प्रथागत तरीके से विवाद के समाधान जैसे छह बिंदुओं पर अलग-अलग कमेटी गठित कर ग्राम सभा को मजबूत करने के लिए मॉड्यूल बनाने को कहा था। मंत्रालय ने 30 जून 2024 तक ड्राफ्ट मॉड्यूल और 15 जुलाई 2024 तक फाइनल एसओपी ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था। इस मामले में मॉड्यूल तैयार हो चुका है और चयनित मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यही ट्रेनर ग्राम प्रधान को तमाम विषयों पर जागरूक करेंगे। दरअसल, 1992 में 73वें संविधान संशोधन के तहत त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्था को कानूनी रूप मिला था। लेकिन इसमें आदिवासी बहुल (शिड्यूल एरिया) के लिए कोई प्रावधान नहीं था। इसलिए 1992 में पेसा (पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया) एक्ट कानून को संसद ने पारित किया। यह कानून शिड्यूल एरिया में पेसा के तहत ग्राम सभाओं को विशेष शक्ति देता है। लगातार बढ़ते दबाव के बीच पंचायती राज विभाग ने 26 जुलाई 2023 को पेसा नियम को लेकर गजट प्रकाशित कर आम लोगों से राय मांगी। इस नियमावली को झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियमावली , 2022 नाम दिया गया।इसके जरिए शिड्यूल एरिया के ग्राम सभाओं को लघु वन उत्पाद, लघु खनिज, भूमि के हस्तांतरण की रोकथाम, शराब और नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध, धन उधार देने पर नियंत्रण, प्रथागत तरीके से विवाद के समाधान के अधिकार को जोड़ा गया। लेकिन इसको आजतक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

देश में पांचवी अनुसूची में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात समेत कुल 10 राज्य शामिल हैं। झारखंड में 24 में से 13 जिले अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं। इनमें रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ के अलावा पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड के रबदा और बकोरिया पंचायत के साथ-साथ गोड्डा जिला के सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंड शामिल हैं। लेकिन अभी तक इन क्षेत्र के लोगों को पी-पेसा के तहत अधिकार नहीं मिला है। सबसे बड़ी बात है कि फाइनल नियमावली नहीं बनने पर केंद्र से मिलने वाला फंड मिलना बंद हो सकता है। सोरेन सरकार अगर नवंबर-दिसंबर 2024 में होने वाले चुनावों से पहले पेसा को लागू करने में सफल हो जाती है, तो राज्य में आदिवासी मतदाताओं का दिल जीतने में सफल हो सकती है।

# श्राद्ध, श्रद्धेय और श्रृद्धा सुमन

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

श्राद्ध कर्म का वर्णन हमारे धर्म ग्रंथों में वर्णित है। सर्व पितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध का समापन होने जा रहा है। श्राद्ध में निहित श्रृद्धा ही हमें श्रृद्धा सुमन अर्पित करने की ओर प्रेरित करती है। श्राद्ध के द्वारा हमारे पितृ प्रसन्न होते है। आज जीवन में जो शायद प्रसन्नता के सुन्दर रंग हमें चहुँ ओर बिखरे दिखाई देते है, वह हमारे पूर्वजों की मेहनत एवं आशीष का ही परिणाम है। उनके पुण्य प्रताप से ही हमें यह स्वस्थ्य काया एवं पुष्पित-पल्लवित माया प्राप्त हुई है। प्रत्येक प्राणी मृत्यु से भयभीत होता है, परन्तु सृष्टि के संतुलन के लिए जन्म और मृत्यु दोनों ही आवश्यक है और यदि मृत्यु न हो तो बस एक का ही साम्राज्य हो जाएगा। मृत्यु ही तो हमें अंत में पीड़ा से मुक्ति प्रदान कर प्रभु के धाम में ले जा सकती है, परन्तु मृत्यु का सत्य कड़वा है। जिसे स्मृति पटल में रखना अत्यंत आवश्यक है। मृत्यु चिंता का विषय नहीं अपितु जीवन के प्रत्येक क्षण को उत्सव बनाने का विषय है और इस जीवन रूपी उत्सव में प्रभु के नाम का स्मरण ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है।

आने वाले समय में हमारी पीढ़ी श्राद्ध करेगी या नहीं, यह निश्चित नहीं है, परन्तु हम जीवित रहते हुए ही प्रभु के प्रति श्रृद्धा से स्व-उद्धार का मार्ग खोज सकते है। धुंधुकारी के कृत्य अच्छे नहीं थे पर श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण के पुण्य से ही उसे मुक्ति प्राप्त हो गई थी, तो आज हमारे पास उन्नत टेक्नोलॉजी एवं अनेक संसाधन उपलब्ध है। हमें अत्यधिक यत्न नहीं करना है अपने उद्धार के लिए। हम अपना कार्य सम्पादित करते-करते भी प्रभु के नाम का श्रवण, कीर्तन, वाचन कर सकते है। टीवी हो या इंटरनेट की सुविधा, हम अपनी इच्छा के अनुरूप कथा का श्रवण कर सकते है। समय की उपलब्धता के अनुसार हम अपने संशय की निवृत्ति वेद, शास्त्रों, ग्रंथो के अध्ययन द्वारा भी कर सकते है। श्रवण, वाचन, ध्यान इन सभी के लिए सर्व-सुलभ साधन उपलब्ध है और कलयुग में मोक्ष प्राप्ति का साधन प्रभु का नाम जप ही बताया गया है। कथा श्रवण के कारण ही हनुमानजी ने श्रीराम जी के साथ वैकुंठ जाना स्वीकार नहीं किया, अपितु पृथ्वी पर रहकर ही प्रभु के नाम की अनवरत वर्षा में भाव-विभोर होने का निर्णय किया क्योंकि वे ईश्वर के नाम की महिमा को भलीं-भाँति समझते है। आज तीर्थ यात्रा की सुलभता बढ़ गई है। किसी भी स्तुति का गायन, वाचन, श्रवण हम आसानी से कर सकते है। प्रत्येक कथा अलग-अलग साधु-संतों के द्वारा समय की उपलब्धता के अनुसार सुनी जा सकती है, पर फिर भी हम सदैव आने वाले कल की प्रतीक्षा करते है। हमें इस मृत्यु लोक में रहते हुए ही प्रभु की आराधना द्वारा अपने कल्याण का मार्ग तय करना है। परिवर्तित परिवेश और परिस्थितियों के अनुरूप हमें स्वयं ही अपने कल्याण का मार्ग निश्चित करना होगा। जब हमारी मृत्यु होती है तब हमें राम नाम सत्य है, इस कथन को जन मानस सुनाते है और उस समय इस सत्य को समझने योग्य हम नहीं रह पाते।

हम इस नश्वर शरीर और संसार की माया हो ही सत्य मानते है और उसी में ही लिप्त रहते है, पर सृष्टि के सृजन कर्ता एवं पालन कर्ता उनकी लीला और उनके अस्तित्व की महिमा की ओर हमारा ध्यान केंद्रित नहीं होता है। हमारे धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि यदि मरते समय प्राणी को ईश्वर का स्मरण हो जाए तो उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है, परन्तु हमारा सामाजिक परिवेश हमें परिवारजन और रिश्तेदारों में ही उलझाएँ रखता है। हम मोह-माया के जाल से छूट नहीं पाते है। हमारे बुजुर्ग तो इसीलिए परिवार के सदस्यों की नाम ही भगवान के नाम पर रखते थे, जिससे प्रतिक्षण एवं अंत समय में भी प्रभु का ही स्मरण होता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में पितरो के उद्धार के लिए पिण्ड-दान, तर्पण इत्यादि विधियों का उल्लेख मिलता है, पर क्यों हम स्वयं के उद्धार के चिंतनीय विषय पर नहीं सोचते। श्राद्ध में निहित श्रृद्धा ही हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता के भाव का बोध कराती है।

# सतीश यादव ही रेवाड़ी के लिए विकास का पर्याय : अरविंद केजरीवाल



रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सतीश यादव के समर्थन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रेवाड़ी के ब्रास मार्केट में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस सभा में सतीश यादव के समर्थन में अभूतपूर्व जनसमूह उमड़ पड़ा। सभास्थल पर इतनी भीड़ थी कि लोगों के खड़े होने के लिए भी जगह नहीं थी। श्री केजरीवाल ने अपने संबोधन में सतीश यादव की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सतीश यादव रेवाड़ी के लिए अनमोल रत्न हैं। सतीश यादव ही रेवाड़ी के लिए विकास का पर्याय बन सकते हैं। उनकी कर्मठता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना अद्वितीय है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे रेवाड़ी के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। सतीश यादव ने अपने जीवन में जो संघर्ष किया है, वह हर आम आदमी की कहानी है। वे सच्चे अर्थों में जनता के प्रतिनिधि हैं। आप पार्टी ही दे सकती लोगों को मूलभूत सुविधाएं। 50 वर्षों से रेवाड़ी विकास की बाट जोह रहा, किंतु यहां के राजाओं की नींद नही टूट रही। एक ही परिवार का वर्षों से सत्ता पर कब्जा है। श्री केजरीवाल के साथ जनसभा को संबोधित करते हुए सतीश यादव ने कांग्रेस और भाजपा के परिवारवाद पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि उनके खुद के गांव में पिछले 45 वर्षों से भाजपा और कांग्रेस कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाए हैं। यादव ने जोर देकर कहा कि यह वक्त बदलाव का है। केवल आम आदमी पार्टी ही रेवाड़ी का कायाकल्प कर सकती है। इससे पूर्व आप प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, अन्नू कादयान एवम गायककार केडी सिंह ने भी सभा को सम्बोधित किया।

# हरियाणा विस चुनावः लाडवा सीट पर सीएम सैनी को मेवा सिंह दे रहे टक्कर

## वर्तमान में नायब सिंह पर सीएम पद और विधायक की जिम्मेदारी





चंडीगढ़,(एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव अब जोर पकड़ता जा रहा है। सभी राजनीतिक दल पूरे जोश के साथ चुनाव प्रचार करने में लगे हैं। वहीं हरियाणा की लाडवा सीट सबसे अहम मानी जा रही है। बता दें कि इस सीट पर सीएम नायाब सिंह सैनी चुनाव लड़ रहे हैं। तो वहीं कांग्रेस पार्टी ने नायाब सिंह के खिलाफ मेवा सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस दावा कर रही है कि इस बार सीएम सैनी को हराकर मेवा सिंह राज्य में कांग्रेस सरकार बनाने का रास्ता साफ करेंगे।

सीएम नायाब सिंह सैनी वर्तमान में करनाल विधानसभा सीट से विधायक हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने साल 2019 में यहां से चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले खट्टर ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में राज्य में उपचुनाव में वर्तमान सीएम नायाब सिंह सैनी से यहां से जीत हासिल की थी। नायाब सिंह ने सीएम पद और करनाल विधायक दोनों जिम्मेदारियों को संभाला है।

बता दें कि पांच महीने बाद एक बार फिर नायाब सिंह सैनी चुनावी मैदान में हैं। मार्च में सीएम पद की शपथ लेने वाले सैनी ने 25 मई को हुए उपचुनाव में करनाल सीट से विधायक चुने गए थे। हालांकि इस बार लाडवा सीट से उनके सामने मेवा सिंह हैं। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में नायाब सिंह ने चुनाव नहीं लड़ा था। क्योंकि वह कुरुक्षेत्र से सांसद थे। इससे पहले साल 2010 और 2014 में नायाब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ से चुनाव लड़ा था। 2010 में उनको हार का सामना करना पड़ा था, तो वहीं साल 2014 में उन्होंने जीत हासिल की थी। साल 2019 के चुनाव में लाडवा सीट से मेवा सिंह जीती थी। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के डॉ. पवन सिंह सैनी को हराया था। इस बार लाडवा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं सीएम सैनी इस सीट पर पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# गढ़ी पुलिस ने 4 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद कर एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार



नरवाना। गढ़ी थाना पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 4 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। गढ़ी थाना प्रभारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना गढ़ी पुलिस की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गांव गढ़ी बस अड्डा पर मौजूद थी कि उप निरीक्षक रायसिहं को सूचना मिली कि नसीब वासी बालक जिला हिसार जो गांजा बेचने का धंधा करता है, वह नहर पुल के पास गांजा लिए हुए खड़ा है और किसी को गांजा बेचने की फिराक में है जिस सूचना पर टीम ने तत्परता से मौके पर पहुंच कर व्यक्ति को काबू करके उसकी तलाशी ली तो आरोपी नसीब के पास मौजूद बैग से 4 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपी नसीब के खिलाफ नशीले पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी व्यक्ति को यहां अदालत में पेश किया जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

फोटो कैप्शन :

# ये चुनाव कोसली की जनता की उम्मीदों का चुनाव : जगदीश यादव



रेवाड़ी। कोसली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ओर पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने कहा है कि यह चुनाव कोसली की जनता की उम्मीदों का चुनाव है ओर कांग्रेस पार्टी इन सभी उम्मीदों को पूरी करेगी। क्षेत्र के गांव लूला अहीर, नेहरूगढ़ गामड़ी, झाड़ोदा, दखोरा, रामगढ़, नांगल, खेड़ी, ढाणी रामगढ़, गोठड़ा, लिसान, लुखी ओर गुजरवास आदि गाँवो मे जनसभाओ को सम्बोधित करते हुए जगदीश यादव ने कहा कोसली क्षेत्र की जनता को भाजपा सरकार से बड़ी उम्मीदें थी, किन्तु 10 साल के शासनकल मे भाजपा सरकार ने कोसली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया ओर इस क्षेत्र मे विकास का पहिया रुक गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अब उनके पास मौका है ओर कांग्रेस को वोट देकर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाये ताकि इन उम्मीदों ओर सपनो पर पँख लग सके। उन्होंने कहा कि उनकी वर्षो की राजनीति पूरी तरह से बेदाग रही है। वे हमेशा भेदभाव की राजनीति से कोसो दूर रहे है । आपके सहयोग ओर आशीर्वाद से भविष्य मे भी बिना लाग लपेट की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे भाजपा सरकार जा रही है ओर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व मे कांग्रेस सरकार आ रही है। तो ऐसे मे मौका मत चूक जाना ओर कांग्रेस को वोट देकर सरकार मे भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही कोसली क्षेत्र मे विकास का पहिया घूमना शुरू हो जायेगा। इस क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाया जायेगा ओर स्वास्थ्य क्षेत्र को भी मजबूत किया जायेगा।

# डॉक्टर सुशांत शर्मा की बेटी को ओलंपियाड एक्सीलेंस अवॉर्ड

**ब्लू बेल्स गुरुग्राम स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा सुहाना शर्मा**

**छात्रा सुहाना शर्मा की अंग्रेजी ओलंपियाड में यह उपलब्धि**



गुरुग्राम। डॉक्टर सुशांत शर्मा की होनहार पुत्री छात्रा सुहाना को अंग्रेजी विषय में ओलंपियाड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिला की विख्यात शिक्षक संस्थान ग्रुप ब्लू बेल्स स्कूल के द्वारा जिला स्तरीय विभिन्न विषयों पर ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस ओलंपियाड में अलग-अलग स्कूलों के जिला भर से छात्रों के द्वारा विभिन्न विषयों की ओलंपियाड में प्रतिभागीता की गई। गुरुग्राम ब्लू बेल्स दूसरी कक्षा की छात्रा सुहाना शर्मा के द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड में विभिन्न विषयों में भाग लिया गया। लेकिन इस होनहार छात्रा सुहाना के द्वारा मल्टीपल सब्जेक्ट्स ओलंपियाड में विशेष रूप से भाग लिया गया। जिला स्तरीय विभिन्न सब्जेक्ट की इस ओलंपियाड प्रतियोगिता में छात्रा सुहाना शर्मा ने अंग्रेजी विषय में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय करवाया। ओलंपियाड आयोजकों के द्वारा होनहार छात्रा सुहाना शर्मा पुत्री आई सर्जन सुशांत शर्मा को ओलंपियाड एक्सीलेंस अवॉर्ड देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर पटौदी नागरिक अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत आई सर्जन डॉक्टर सुशांत शर्मा और उनके पुत्री सुहाना शर्मा को सहकर्मी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा बधाई दी गई है। छात्रा सुहाना के साथ अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

# मुकेश यादगार समिति ने पार्श्व गायिका लता मंगेशकर के जन्मदिन पर किया कार्यक्रम का आयोजन



नरवाना। नरवाना क्लब में मुकेश यादगार समिति द्वारा महान पार्श्व गायिका व सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें याद किया। सर्वप्रथम संस्था के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती और लता मंगेशकर के चरणों में दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। समिति के संरक्षक डा. एस.के. सिंगला ने मुकेश यादगार समिति से जुड़े नए सदस्यों का परिचय करवाया। उसके बाद सभी सदस्यों ने लता मंगेशकर के गीत गाकर महान गायिका को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। प्रैस प्रवक्ता गौतम गर्ग ने बताया कि गीतों के क्रम में राघव सिंगला ने दिल लूटने वाले जादूगर, डा. देवेंद्र बिंदलिश ने मिलती है जिंदगी में, संजय चौधरी ने एक प्यार का नगमा है, परिणीता मधोक ने तेरी आंखों के सिवा, संजय गोयल ने तू कितनी अच्छी है, रामकुमार ने तुझसे नाराज नहीं जिंदगी, सुशील गर्ग ने ये समा समा है ये प्यार का, डा. सिंगला ने गुजरा हुआ जमाना, डा. भार्गव ने नैना बरसे, गौतम गर्ग ने अजीब दास्तां है ये, प्रमोद सिंगला ने अकेले हैं चले आओ, सुदर्शन सिंगला ने ए मेरे दिले नादान, सचिन शर्मा ने तुम ही मेरे मंदिर, दीपक जैन ने जिंदगी प्यार का गीत है, बलजीत जांगड़ा ने तुम मुझे यूं भुला न पाओगे, रमेश वर्मा ने तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती, नैनिका ने बिंदिया चमकेगी, श्वेता अग्रवाल ने रहे ना रहे हम, अनुरोध गिरी और नैनिका ने तेरे मेरे मिलन की यह रहना, नरेश अरोड़ा ने फूलों का तारों का और राघव मित्तल ने आपकी आंखों में कुछ गीत गा कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शमशेर नैन, अमरजीत मधोक, डा. भूप सिंह, हरचरण सिंह, सुरेश मित्तल, सतबीर शर्मा, राजेश टांक, विकास मित्तल, दीपक सिंगला, ओम प्रकाश, प्रमोद शर्मा, प्रमोद जैन, पुनीत जैन और संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# राव इंद्रजीत सिंह ने जनता के समक्ष रखे चार सवाल, बोले इनका उत्तर सोचकर ही वोट डालना



रेवाड़ी। कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव बेरली में भाजपा प्रत्याशी अनिल यादव के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में जनसमूह का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ को देख गदगद हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत यादव ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के कार्यकाल की आलोचना की।

राव इंद्रजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस शासन के 10 सालों में दक्षिण हरियाणा की घोर उपेक्षा की गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के साथ सभी वर्गों और क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा का नाम लिए बिना ही, उनपर भेदभाव का आरोप लगाया। राव इंद्रजीत सिंह ने जनता के समक्ष चार सवाल रखे, बोले इनका उत्तर सोचकर ही वोट डालना। राव बोले, दक्षिणी हरियाणा में जो भी बड़ी परियोजना आई, उनके अथक प्रयासों से ही आई। उन्होंने कहा इस बार है आर पार की लड़ाई। प्रत्याशी अनिल के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि नेक एवम ईमानदार है, मेरे नक्शे कदम पर चलते हुए आपके बीच रहकर आप लोगों की सेवा करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी 5 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा को वोट दें और अनिल यादव को विजयी बनाएं। सभा में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और युवा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था, जिससे स्पष्ट होता है कि कोसली में भाजपा की स्थिति मजबूत है। राव इंद्रजीत ने सभा में आए हुए सभी समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपका यह समर्थन ही भाजपा की जीत की नींव है। उन्होंने जनसमूह के उत्साह को देखते हुए भाजपा की जीत को पहले से ही सुनिश्चित मानते हुए लोगों को जीत की अग्रिम बधाई दी।

# कांग्रेस ही पिछड़ा वर्ग व गरीबों की सच्ची हितैषी जिसने हमेशा पिछड़ा व गरीब वर्ग के हकों की लडाई लडी : मेवा सिंह



बाबैन। लाडवा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मेवा सिंह को दिन प्रतिदिन समाज के हर वर्ग का समर्थन मिलता जा रहा है और उनका चुनाव अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मेवा सिंह ने आज बाबैन क्षेत्र के गांव बढतौली में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरे के दौरान बढ़तौली में ग्रामीणों द्वारा मेवा सिंह भव्य स्वागत किया गया और राजकुमार राणा व ओमपाल राणा ने सम्मान सूचक पगड़ी भेंट कर मेवा सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने इनेलो एवं भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की जिनका मेवा सिंह ने कांग्रेस का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा और गरीब और पिछड़ा वर्ग के हक की लडाई लडी है। कांग्रेस ही पिछड़ा वर्ग व गरीबों की सच्ची हितैषी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गारंटी दी है कि सरकार बनते ही क्रीमीलेयर की सीमा 8 से बढाकर 10 लाख की जाएगी। एक लाख बेरोजगार युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं की पेंशन तीन हजार से बढ़ाकर 6 हजार की जाएगी। महंगाई के बोझ तले दबी गृहणियों को दो हजार रुपए महीना रसोई खर्च के लिए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अहंकार से भरी भाजपा सरकार ने तो किसान व्यापारी, कर्मचारी, सरपंच, आंगनवाड़ी वर्कर सहित सभी वर्गों को अपमानित करने का काम किया।

# देश की जनता ने कांग्रेस को सिरे से नकार दिया : हेमंत बिस्वा सरमा



सोनीपत। असम के मुख्यमंत्री ने हेमंत बिस्वा सरगा ने कहा कि हरियाणा के युवा सीमाओं पर मजबूती से देश की रक्षा करते हैं। हरियाणा के जिन वीर जवानों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया उनको वे शत-शत नमन करते हैं। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। हेमंत बिस्वा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में मोदी को हराने के लिए हर प्रदेश में जाकर तरह-तरह के प्रयास किए। झूठ फैलाया कि संविधान बदल दिया जाएगा और अग्रिवीरों को लेकर भी झूठी बातें बोली। कांग्रेस ने जनता से झूठ ही नहीं बोला बल्कि जनता को धोखा देने का काम किया है। लेकिन देश की जनता ने कांग्रेस को सिरे से नकार दिया और एक बार फिर नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने। जिस तरह दिल्ली में बैठे मां-बेटे की दुकान नहीं चली उसी तरह अब हरियाणा में भी बाप-बेटे की दुकान बंद होगी। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा रविवार को सोनीपत विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निखिल मदान के पक्ष में सेक्टर 14 की मार्केट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। हमारे देश की राजनीति को राहुल गांधी अलग रास्ते पर लेकर गए। राहुल गांधी भारत के संविधान को लेकर घूमते थे और संविधान की रक्षा करने की बात करते थे। राहुल गांधी जब अमेरिका गए और बोले कि एससी आरक्षण खत्म करने की बात कही। यह आरक्षण बाबा साहेब ने दिया है यह वे कभी खत्म नहीं कर पाएंगे। अग्रिवीर को लेकर झूठ फैलाते रहे। हरियाणा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अग्रिवीर पहले भी नौकरी में थे और नौकरी में रहेंगे।

# कांग्रेस की 7 गारंटियों से प्रदेश जनता को मिलेगा सम्मानः रामनिवास घोड़ेला

## बरवाला हलके के लोगों ने सेबों से तोलकर किया स्वागत



हिसार। बरवाला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रामनिवास घोड़ेला ने रविवार को रायपुर,शिकारपुर, धांसू,सुलखनी, मिर्जापुर,बुगाना व मिलगेट एरिया में अपना जनसम्पर्क अभियान चलाया। वोटों की अपील के लिए चलाए गए जनसम्पर्क अभियान पर पहुंचने के दौरान मतदाताओं ने जोश के साथ अपने नेता का लड्डुओं व सेबों से तोलकर स्वागत व समर्थन किया। इस दौरान रामनिवास घोड़ेला ने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। डोर टू डोर अभियान के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की की भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। क्योंकि भाजपा सरकार ने किसान,मजदूर,कर्मचारियों के साथ अन्यायपूर्ण नीति अपनाई है। इतना ही नहीं भाजपा सरकार में समाज के किसी भी वर्ग के लोगों ने अपनी आवाज़ उठाई उसे बल प्रयोग कर दबाने का काम किया गया। जबकि आवाज़ उठाना जनता का अपना हक है। भाजपा सरकार ने इन्हीं हकों पर कुठाराघात करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 8 अक्टूबर के बाद कांग्रेस पार्टी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि भाजपा के 10 साल के राज में हर वर्ग दुखी रहे। हक मांगने पर किसान, जवान, नौजवान, पहलवान, कर्मचारी और सरपंच सभी पर इस सरकार ने लाठियां बरसाई हैं। बीजेपी सरकार ने दलितों व पिछड़ों का आरक्षण, गरीबों का राशन और व्यापारी वर्ग से प्रोटेक्शन यानी सुरक्षा को छीन लिया। हर वर्ग बीजेपी से पूरी तरह दुखी व परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ही 36 बिरादरी के हित सुरक्षित हैं, क्योंकि कांग्रेस जोड़ने की राजनीति करती है और बीजेपी जाति-धर्म ने नाम पर लड़ाने की। रामनिवास घोड़ेला ने कांग्रेस की 7 गारंटियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को 2 हजार रुपए महीना सम्मान राशि, 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर, गरीबों को 100-100 गज के प्लाट व दो कमरों का मकान देने का काम किया जाएगा। प्रदेश के पढ़े लिखे बेरोजगार युवकों को 2 लाख पक्की भर्ती दी जाएंगी।

# सीएलयू गैंग और भ्रष्टाचार की सोच रखने वाले उम्मीदवार से सावधान रहते हुए हलके के विकास के लिए भाजपा को वोट देः रणबीर गंगवा



हिसार। बरवाला से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणबीर गंगवा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी जनता को बरगलाकर हरियाणा में फिर से अस्थिरता और जंगलराज कायम करने के सपने देख रही है। लेकिन जनता जागरुक हो चुकी है और इनके मनसूबों को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बरवाला के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे सीएलयू गैंग और भ्रष्टाचार की सोच रखने वाले उम्मीदवार से सावधान रहते हुए हलके के विकास के लिए भाजपा को वोट दे, ताकि आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल बना रहे। वे रविवार को गांव लाडवा, सातरोड कला, मय्यड़, धिगताना, बाड़ो पट्टी, बहबलपुर, खेड़ी बर्की, ढाणी गारन, ढाणी खान बहादुर, मिर्जापुर, बुगाना तथा बरवाला के वार्ड नंबर 2, 3, 5 व 16 में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के 10 वर्षों में 80 हजार नौकरियों का दावा किया गया था, जो पर्ची और खर्च के माध्यम से दी गई थीं। भाजपा सरकार ने बिना किसी पर्ची या खर्च के 1 लाख 45 हजार नौकरियों देने का काम किया है। तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियां और दी जाएंगी।

## एक नजर

### एमसीडी से कोई उम्मीद न रखें स्वाति मालीवाल हुईं डेंगू का शिकार तो नगर निगम को बताया नकारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल डेंगू से संक्रमित हो गई हैं। इस बार में उन्होंने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है। साथ ही दिल्ली नगर निगम पर आरोप लगाया है कि एजेंसी इस बीमारी को रोकने में नाकाम रही है। स्वाति मालीवाल ने पोस्ट कर कहा, मुझे पिछले एक हफ्ते से 103 डिग्री बुखार तक आ रहा है। टेस्ट कराया तो पता चला डेंगू है। दिल्ली में इस हफ्ते में ही 300 से ज्यादा केस डेंगू के रिपोर्ट हुए है। हर साल कि तरह इस बार भी एमसीडी इस बीमारी की रोकथाम करने में पूरी तरह असमर्थ रही है। जगह जगह पानी भरा हुआ है, गंदगी फैली है। मैं सबसे आग्रह करती हूं कि इस बीमारी से बचने के लिए हर संभव प्रयास खुद ही करें, एमसीडी से कोई आशा मत रखें। हर साल कि तरह इस बार भी एमसीडी इस बीमारी की रोकथाम करने में पूरी तरह असमर्थ रही है। जगह जगह पानी भरा हुआ है, गंदगी फैली है। मैं सबसे आग्रह करती हूं कि इस बीमारी से बचने के लिए हर संभव प्रयास खुद ही करें, एमसीडी से कोई आशा मत रखें।

### सीएम आतिशी और केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि मामले में दिल्ली की सीएम आतिशी और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी है। बीजेपी नेता द्वारा दायर मानहानि मामले में दोनों नेताओं को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने तीन अक्टूबर को पेश होने का समन भेजा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में आप नेताओं द्वारा मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसके चलते केजरीवाल और आतिशी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। बता दें, बीजेपी नेता राजीव बब्बर ने केजरीवाल, आतिशी, आप नेता सुशील कुमार गुप्ता और मनोज कुमार के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। बब्बर ने केजरीवाल और अन्य आप नेताओं पर भाजपा को बदनाम करने का आरोप लगाया था। बीजेपी नेता ने आरोप लगाया था कि दिल्ली की मतदाता सूची से कुल 30 लाख मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भाजपा जिम्मेदार है, जिनमें मुख्य रूप से बनिया, मुस्लिम और अन्य समुदायों के लोग शामिल हैं। फरवरी 2020 में हाईकोर्ट ने केजरीवाल और अन्य आप नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले में कार्यवाही पर रोक लगाई थी।

### दिल्ली में गैंगस्टरों के बढ़ते खतरे को लेकर एलजी से मिलेंगे आप विधायक

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में बढ़ते गैंगस्टरों के खतरे को देखते हुए आम आदमी पार्टी के विधायक एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने चिट्ठी लिखकर एलजी से बैठक के लिए समय मांगा है। आप विधायकों का कहना है कि राजधानी दिल्ली में गैंगस्टर अवैध वसूली के लिए कारोबारियों को धमका रहे हैं। इसके लिए वे दुकानों में फायरिंग भी कर रहे है। इससे इन व्यवसायियों में डर का माहौल है। इस संबंध में वह एलजी से मुलाकात करना चाहते हैं।

### सरिता विहार फ्लाईओवर का हाफ कैरिजवे रहेगा बंद यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आश्रम से बदरपुर तक सरिता विहार फ्लाईओवर का हाफ कैरिजवे को एक अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक के लिए बंद करने का फैसला लिया है। जबकि उसी कैरिजवे का आधा हिस्सा खुला रहेगा। पुलिस ने बताया है कि इस दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर पर रिपेयर वर्क किया जाएगा। दरअसल, आश्रम से बदरपुर तक सरिता विहार फ्लाईओवर का हाफ कैरिजवे पर पीडब्ल्यूडी उन रिपेयर वर्क को पूरा करेगा, जिनमें दो साल की देरी हो पहले ही हो चुकी है। यह फ्लाईओवर फरीदाबाद, नोएडा और बदरपुर को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इलाकों से जोड़ता है। इसका इस्तेमाल एक लाख से ज्यादा वाहन चालक हर रोज करते हैं।

### पेट्रोल और सीएनजी पंप लगाने के नाम करोड़ों की धोखाधड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोल और सीएनजी पंप लगाने के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक मॉड्यूल के तीन शातिर को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) ने गिरफ्तार किया है। इन्होंने सीएनजी पंप स्थापित करने के नाम पर एक व्यवसायी से 2.39 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपितों के विभिन्न बैंक खातों में जमा 1.79 करोड़ रुपये फ्रीज करा दिया है। इनके घरों से 60 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल, सिम कार्ड, फर्जी आईजीएल पत्र, एनओसी, चालान, एरिया ब्लॉकिंग फीस प्रमाण पत्र आदि जब्त किए गए हैं। डीसीपी आईएफएसओ हेमंत कुमार तिवारी के मुताबिक 27 मार्च को एक व्यवसायी ने आईएफएसओ में शिकायत कर बताया कि उनके भूखंड पर सीएनजी पंप लगवाने के नाम पर कुछ लोगों ने 2.39 करोड़ की धोखाधड़ी की है। 2021 में पेट्रोल व सीएनजी पंप आवंटन प्रक्रिया के बारे में ऑनलाइन जानकारी लेने के दौरान उनसे दो व्यक्तियों, अमरेंद्र और अमित पांडे ने संपर्क किया था। उन्होंने खुद को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के समन्वयक और एजेंट के रूप में प्रस्तुत किया था और कम से कम औपचारिकताओं के साथ सीएनजी पंप लगाने का वादा करके उनसे करोड़ों ठग लिए। फर्जी दस्तावेज जैसे पंजीकरण प्रमाणपत्र, बैंक खाता विवरण और जीएसटी नंबर के साथ चालान तैयार कर उनके पास भेजा गया। आईजीएल के अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत होकर धोखेबाजों ने उन्हें शिकार बनाया। शिकायत पर जांच के बाद केस दर्ज कर लिया गया। एसीपी जय प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले पैसे के लेन-देन का पता लगाया। आरोपितों द्वारा प्रस्तुत पंजीकरण और आवंटन दस्तावेजों को आईजीएल से सत्यापित कराने पर सब कुछ फर्जी पाए गए। इसके बाद अमित कुमार पांडे, अमरेंद्र कुमार और अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पहचान से बचने के लिए आरोपित अन्य व्यक्तियों के नाम पर लिए गए सिम कार्डों का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने शिकायतकर्ता को दस्तावेज़ भेजने के लिए फर्जी ईमेल आइडी भी बनाई थी।

### दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान कन्फर्म सीट की न करें चिंता

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में त्योहारी मौसम शुरू होते ही रेलवे ने यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के मकसद से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अबाध आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। दिल्ली के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों से इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस बार स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।

## आप कोर्ट रूम में हैं, न कि किसी कॉफी हाउस में



नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील को जमकर फटकार लगाई। वकील ने अपनी दलील के बाद अनौपचारिक हां या...या... का इस्तेमाल किया, जिस पर सीजेआई नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस येचह से एलर्जी है। उन्होंने वकील को यह भी याद दिलाया कि वह कोर्ट रूम में हैं, न कि किसी कॉफी कैफे में।

लाइव लॉ के मुताबिक सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को एक वादी द्वारा उन्हें राहत न देने के लिए एक जज के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग पर आपत्ति जताई। दरअसल, वकील एक याचिका का उल्लेख कर रहा था जिसमें उन्होंने भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को प्रतिवादी के रूप में जोड़ा था। उसने राहत न देने के लिए न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की गई थी। वकील की दलील के बाद सीजेआई ने कहा कि आप जज को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? इसमें कुछ गरिमा होनी चाहिए। आप यूं ही नहीं कह सकते कि मैं जज के खिलाफ इन-हाउस जांच चाहता हूं। जस्टिस रंजन गोगोई सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज थे। क्योंकि आप बेंच के सामने जाने में सफल नहीं हुए। माफ कीजिए, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। दलील देते हुए वकील ने कहा कि हां तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई ने मुझे क्यूरेटिव दाखिल करने के लिए कहा था। चीफ जस्टिस ने उनकी बात बीच में ही काट दी और कहा यह कोई कॉफी शॉप नहीं है यहां या...या... का इस्तेमाल न करें।

वकील ने आगे कहा कि न्यायमूर्ति गोगोई ने एक अवैध बयान के आधार पर उनकी सेवा समाप्ति को चुनौती देने वाली याचिका को गलत तरीके से खारिज कर दिया था और फैसले में कानून की गंभीर त्रुटियां थीं। सीजेआई ने कहा कि सही हो या गलत, सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला आ चुका है। आपकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई है। अब आपको क्यूरेटिव दाखिल करना होगा, लेकिन आप कहते हैं कि आप क्यूरेटिव दाखिल नहीं करना चाहते।

## दिल्ली की सड़कों से उठाए जाएंगे 50 हजार ई-रिक्शे

नई दिल्ली (एजेंसी)। अवैध ही नहीं अब लाइसेंस वाले ई-रिक्शा के खिलाफ भी अभियान तेज होगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में अब लाइसेंस वाले वे ई-रिक्शा भी उठाए जाएंगे जिनकी फिटनेस नहीं हुई है। इनके लिए जल्द ही अलग से टीमें लगाई जाएंगी। परिवहन विभाग के अनुसार दिल्ली में करीब डेढ़ लाख ई-रिक्शा के पास लाइसेंस हैं, मगर एक लाख ही फिटनेस कराते हैं , जबकि 50 हजार के पास फिटसेन प्रमाणपत्र नहीं है। परिवहन विभाग ने कहा है कि इस बारे में विभाग की टीमों को बोला गया है, जल्द ही इस कार्रवाई को तेज किया जाएगा। बता दें कि परिवहन विभाग पिछले करीब तीन माह से अवैध तरीके से चल रही ई रिक्शा के खिलाफ अभियान चला रहा है। पकड़े गए ई रिक्शा को सात दिन में ही समाप्त करने के लिए संबंधित कंपनी के पास भेज दिया जा रहा है। विभाग को शिकायत मिली थी कि ई रिक्शा कंपनी के गोदाम से फिर से बाहर आ सकते हैं। जिस पर विभाग ने पकड़े जाने के बाद अवैध ई-रिक्शा को स्क्रैप करने के मामले में नियमों में बदलाव कर दिया है। उसके बाद कंडम करने के बाद ही स्क्रैप के लिए ई-रिक्शे दिए जा रहे हैं। परिवहन विभाग स्वयं इन्हें अपने केंद्र में तुड़वा रहा है। इसके बाद ये स्क्रैप डीलर को दिए जा रहे हैं।

## लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हुए पैदा हुए दो बच्चे फिर मुकर गया शख्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हुए महिला को उस व्यक्ति से दो बच्चे होने का मामला सामने आया है। बच्चे होने के बाद पीड़िता ने व्यक्ति से शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने शख्स पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया है। पीड़िता का आरोप है कि शख्स के साथ आने वाले उसके दोस्त भी उसके साथ दुष्कर्म करते थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित और पीड़िता दोनों पिछले चार-पांच वर्षो से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। इसी दौरान दोनों को दो बच्चे हो गए। इसके बाद पीड़िता ने आरोपित से शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस प्राथमिकी कर आरोपित की तलाश में जुटी है। पूर्वी दिल्ली में मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) अस्पताल में एक सफाईकर्मी महिला से दुष्कर्म व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना का आरोप अपने ही सुपरवाइजर पर लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी कर ली है।

## सीएम आतिशी ने किया दिल्ली की सड़कों का निरीक्षण, मरम्मत करने के दिए निर्देश



नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली सीएम आतिशी ने लोक निर्माण विभाग की सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम युद्धस्तर पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीएम आतिशी ने सोमवार सुबह एनएसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद विस्तार, मथुरा रोड, आश्रम चौक और आश्रम अंडरपास की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने ये सभी सड़कें जर्जर हालत में मिली। कई स्थानों पर पाइपलाइन या बिजली की तारें डालने के लिए सड़कें काटी गई लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की गई। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे मिले। उन्होंने अधिकारियों की निर्देश दिया कि इन सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर किया जाए ताकि लोगों को बेहतर सड़कें मिल सकें। उन्होंने एक्स पर कहा कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने की दिशा में सोमवार सुबह से दिल्ली सरकार का पूरा कैबिनेट ग्राउंड जीरो पर उतरकर सड़कों का निरीक्षण कर रहा है। अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है कि दीपावली तक सभी दिल्लीवालों को गड्ढामुक्त सड़कें मिले। सीएम आतिशी ने कहा कि दो दिन तक लगातार आम आदमी पार्टी के मुखिया एवं दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ उन्होंने यहां के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि दिल्ली की सड़कें बुरी हालत में है और जगह-जगह से टूटी है। उन्होंने कहा कि बतौर सीएम उन्होंने दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पूर्वी दिल्ली की, मंत्री गोपाल राय ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी, मंत्री कैलाश गहलोत ने पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली की, मंत्री इमरान हुसैन ने केंद्रीय और नई दिल्ली की जिम्मेदारी ली है जबकि मंत्री मुकेश अहलावत ने उत्तर और उत्तर पश्चिम दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर की सड़कों के एक-एक इंच का निरीक्षण किया जाएगा।

## डीयू के 12 कॉलेजों का स्पेशल ऑडिट शुरू



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने डीयू के 12 कॉलेजों का विशेष ऑडिट शुरू किया है। मुख्यमंत्री आतिशी की ओर से उठाए गए वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे की जांच के लिए ये कदम उठाया गया है। एक हाई लेवल कमेटी की ओर से स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद ऑडिट निदेशालय ने स्पेशल ऑडिट करने के लिए 8 सदस्यीय टीम को नियुक्त किया है। पिछले हफ्ते जारी एक आदेश में ऑडिट डिपार्टमेंट ने उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव को कॉलेजों को ऑडिट टीम को सभी जरुरी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। हाई लेवल कमेटी की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली यूनिवर्सिटी से संबद्ध 12 कॉलेजों (पूरी तरह से दिल्ली सरकार से वित्त पोषित) से संबंधित मुद्दों की जांच पर एक विशेष ऑडिट आयोजित करने के लिए सक्षम अथॉरिटी की मंजूरी से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। 27 सितंबर के आदेश में आगे निर्देश दिया गया कि संबंधित कॉलेज ऑडिट टीम को सभी रिकॉर्ड, बैठने की व्यवस्था और सचिवीय सहायता प्रदान करें। पिछले महीने, एकेडमिक काउंसिल और एग्जीक्यूटिव काउंसिल दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक संयुक्त बैठक में (डीयू) ने आरोपों की जांच के लिए गठित 10 सदस्यीय समिति के निष्कर्षों को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला कि डीयू के 12 कॉलेजों में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं पाई गई, जैसा कि आतिशी ने आरोप लगाया था।

## दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए होगी कृत्रिम बारिश गोपाल राय ने बताया प्लान




नई दिल्ली (एजेंसी)। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपनी 21 प्वाइंट विंटर एक्शन प्लान के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए 24×7 ग्रीन वॉर रूम स्थापित किया है। गोपाल राय ने कहा कि आठ पर्यावरण विशेषज्ञों की एक टीम वॉर रूम का प्रबंधन करेगी, जिसे सात प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राय ने कहा कि इस साल वॉर रूम को सौंपे गए एक नए कार्य में ड्रोन मैपिंग का विश्लेषण करना और वास्तविक समय स्रोत विभाजन अध्ययन करना शामिल है। मंत्री ने कहा वॉर रूम 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट की जानकारी के साथ-साथ पराली जलाने के डेटा का भी विश्लेषण करेगा। इसके अतिरिक्त, यह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) डेटा की निगरानी करेगा और दिल्ली सरकार द्वारा प्रबंधित 24 प्रदूषण निगरानी स्टेशनों से जानकारी का आंकलन करेगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों में मौसम प्रतिकूल हो जाता है और प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगता है। इससे काफी परेशानी होती है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार जनता के साथ 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान पर काम करेगी।

## दिल्ली पुलिस ने भगौड़े हत्यारोपी को बिहार से दबोचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे फरार भगौड़े को गिरफ्तार करने में कमायाबी पाई है, जिस पर हत्या समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं। पिछले कई सालों से पालम गांव थाने की पुलिस हत्या के एक मामले में आरोपी की तलाश में थी। पुलिस ने आरोपी की पप्पू यादव के रूप में की है। पप्पू यादव बिहार के नालंदा जिला का रहने वाला है। आरोपी को अदालत ने भगौडा घोषित कर रखा है। अपराध शाखा की टीम ने बिहार के बिहार शरीफ में छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। डीसीपी अमित गोयल के मुताबिक 26 जनवरी 2020 को पालम थाना इलाके में एक महिला की हत्या की एक वारदात हुई थी। उसके पिता शंभू यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी लापता थी। बाद में उसकी हत्या कर दिए जाने की जानकारी उसे मिली थी। उसकी बॉडी द्वारका सेक्टर 19 नाले में मिली थी। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। पीड़ित पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को हत्या के मामले में आरोपी पप्पू यादव, जो मृतका के पति नीरज यादव का चाचा है, की तलाश थी। आरोपी ने मृतका की हत्या के बाद बॉडी को पैक कर नाले में फेंकने में अहम भूमिका निभाई थी। बॉडी को ठिकाने लगाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था भी उसी ने की थी।

## मरीजों के लिए बड़ी राहत सर्जरी के बगैर हो सकेगा लिवर कैंसर का इलाज



नई दिल्ली (एजेंसी)। कैंसर की बीमारी बढ़ रही है। हाल ही में जन्म व मृत्यु पंजीकरण की रिपोर्ट से यह बात सामने आई हैं कि दिल्ली में डेढ़ दशक में कैंसर से मौतें दोगुनी हो गई हैं। इस वजह से पिछले वर्ष दिल्ली में पूरे वर्ष कैंसर से होने वाली मौतें करीब आठ हजार हो गईं। पेट से संबंधित कैंसर, दिल्ली में मौत का बड़ा कारण बन रहा है। पिछले दिनों लिवर कैंसर की बीमारी को लेकर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) में एक कॉन्फ्रेंस भी हुई थी। इसके मद्देनजर आईएलबीएस के निदेशक डॉ. एसके सरीन से प्रमुख संवाददाता रणविजय सिंह ने बातचीत की। वर्तमान में लिवर कैंसर सबसे तेजी से बढ़ने वाला कैंसर है। यह दुनिया भर में कैंसर से मौत का तीसरा बड़ा कारण बन रहा है। भारत में भी लिवर का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। आइएलबीएस में भी प्रत्येक वर्ष लिवर कैंसर के बड़ी संख्या में मरीज देखे जाते हैं। ज्यादातर मरीज एडवांस स्टेज में इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसलिए लोगों में लिवर कैंसर के प्रति जागरूकता जरूरी है। ताकि जल्दी बीमारी की पहचान हो सके। बीमारी की जल्दी पहचान होने पर इलाज बेहतर हो सकता है पिछले कुछ वर्षों में लिवर कैंसर के इलाज के लिए नए विकल्प व दवाएं सामने आई हैं। इससे लिवर कैंसर के एडवांस स्टेज के मरीजों को भी अधिक दिन तक बचाया जा सकता है। पहले लिवर कैंसर के इलाज के लिए सर्जरी प्रमुख विकल्प था। खास तौर पर ट्यूमर थोड़ा बड़ा होता था तो सर्जरी ही करनी पड़ती थी। अब नई तकनीक व दवाएं आ गई हैं, जिससे बिना सर्जरी के भी इलाज संभव है। इम्युनोथेरेपी भी दवाएं आ गई हैं। कीमो का दुष्प्रभाव अधिक होता था। इम्युनोथेरेपी की दवाओं का परिणाम बेहतर देखा जा रहा है। एडवांस स्टेज के लिवर कैंसर के मरीज जो पहले छह माह से अधिक नहीं बच पाते। अब दो वर्ष तक जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। लिवर कैंसर के इलाज के लिए नई दवा स्ट्राइड जल्दी देश में भी उपलब्ध होने वाली है। इसमें इम्यूनोथेरेपी की दो दवाएं शामिल हैं। इससे मरीजों ज्यादा फायदा होगा। एक महत्वपूर्ण बात यह कि लिवर कैंसर के मरीजों को लिवर के विशेषज्ञ डाक्टर को ही इलाज करना चाहिए।

## साली ने जीजा पर लगाया रेप का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने अपनी साली से रेप के आरोपी जीजा को शर्तों के साथ अग्रिम जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जीजा-साली के बीच की वॉट्सऐप चैट से पता चलता है कि उनके बीच संबंध अच्छे थे। जज ने जीजा को एक शर्त पर यह जमानत दी। शर्त के मुताबिक, आरोपी शिकायतकर्ता साली या उसके परिवार के सदस्यों को धमकी नहीं देगा और जब भी आवश्यकता होगी, वह जांच में शामिल होगा। दिल्ली की



एक अदालत में जीजा और साली का मामला पहुंचा। जब मामले की सुनवाई हुई तो अदालत में मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। साली ने जीजा पर रेप का आरोप लगाया था। लेकिन जैसे ही जज ने दोनों के बीच हुई व्हाट्सएप चैट देखी तो कहानी कुछ और सामने आई। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी जीजा को अग्रिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि दोनों के बीच व्हाट्सएप चैट से पता चलता है कि उनके बीच अच्छे संबंध थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार मीणा आरोपी जीजा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। आरोपी जीजा के खिलाफ विकासपुरी पुलिस थाने ने रेप, अप्राकृतिक यौन संबंध, विवाहित महिला पर अत्याचार, आपराधिक विश्वासघात और सामान्य मंशा के दंडात्मक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। 18 सितंबर को पारित एक आदेश में अदालत ने कुछ बड़ी टिप्पणी भी की है। कोर्ट ने कहा, 'दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और जमानत याचिका, जमानत याचिका के जवाब और संलग्न दस्तावेजों को देखने के बाद यह पाया गया है कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। हालांकि, व्हाट्सएप चैट से पता चलता है कि आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच अच्छे संबंध थे।' इसमें कहा गया है कि हालांकि शिकायतकर्ता ने सितंबर और नवंबर 2022 में छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि उसने शिकायत दर्ज नहीं कराई। अदालत ने कहा, इस घटना के संबंध में परिवार के किसी भी सदस्य को कोई संदेश या ई-मेल तक नहीं किया गया है। यह भी देखा गया है कि शिकायतकर्ता और आरोपी के भाई के बीच वैवाहिक विवाद चल रहे हैं। अदालत ने आरोपी जीजा को इस शर्त पर अग्रिम जमानत दे दी कि आरोपी शिकायतकर्ता साली या उसके परिवार के सदस्यों को धमकी नहीं देगा और जब भी आवश्यकता होगी, वह जांच में शामिल होगा।

अदालत ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी की स्थिति में आरोपी को 25,000 रुपये (प्रत्येक) के निजी मुचलके और जमानत बांड प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा।

## एक नजर

### भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरे दिन का खेल भी बारिश से धुला

कानपुर (एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण रद्द हो गया। बारिश के कारण तीसरे दिन भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह आउटफील्ड गीला होने के कारण मैच पहले लंच तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रुकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए पर इसके बाद भी मैदान नहीं सूखा। रोशनी भी कम थी इसलिए सवा 2 बजे मैच अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद खेल रद्द कर दिया। वहीं इससे पहले दूसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया था। आज तीसरे दिन भी सुबह हल्की बारिश हो रही थी। इसके कारण मैच शुरु होने के समय को लगातार आगे बढ़ाया गया पर जब खेल होने की कोई संभावना नहीं दिखी तो इसे रद्द करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की संभावन है। ऐसे में दो दिन बचे होने के कारण मैच ड्रॉ होना तय लग रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे और 35 ओवर ही फेंके जा सके थे उसके बाद बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। भारतीय टीम दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

### आईपीएल खेलने वाले खिलाड़ियों को मिलेंगे हर मैच के 7.5 लाख रुपए : जय शाह

मुम्बई (एजेंसी)। अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों को प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस मिलेगी। ये उनके अनुबंध के अलावा 1.05 करोड़ रुपए हो सकती है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी दी है। जय शाह ने कहा कि हर फ्रेंचाइजी सत्र के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए रखेगी। जय शाह ने सोशल मीडिया पर कहा, आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस शुरू करने से उत्साहित हैं। इससे एक सत्र में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अलावा 1.05 करोड़ रुपए भी मिलेंगे। वहीं हर फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए आवंटित करेगी। इससे आईपीएल खेलने वाले हमारे खिलाड़ियों को लाभ होगा। वहीं आईपीएल नियम में भब बदलाव किया गया है। अब टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर पायेंगी।

### केकेआर के मेंटर बने ब्रावो

मुम्बई (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर होंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में गेंदबाजी कोच रहे थे। ब्रावो को केकेआर में गौतम गंभीर की जिम्मेदारी दी गयी है। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास ले लिया था।

इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने केकेआर का मेंटर बनने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। मैं इससे पहले सीएसके में रहा था इसलिए उसका भी आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही कहा कि सीएसके में मेरे प्रशंसकों और दुनिया भर के सभी सीएसके प्रशंसकों से मैं आपसे हमेशा की तरह मुझे अपना आशीर्वाद और समर्थन देने का अनुरोध करता हूं। मुझे पता है कि यह आप लोगों के लिए एक मुश्किल क्षण है पर यह एक ऐसा क्षण है जिसके लिए मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें मेरा समर्थन करना जारी रखें।

ब्रावो ने आईपीएल में सीएसके के साथ 4 आईपीएल खिताब जीते हैं। उनके नाम आईपीएल इतिहास में 183 विकेट हैं। उन्होंने 2013 और 2015 में पर्पल कैप भी जीती थी। ब्रावो अपने जीवन में आने वाले नए अध्याय को लेकर उत्साहित हैं।

### निशेत ने समर्थन के लिए अपने पुराने स्कूल को कहा धन्यवाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शटलर नितेश कुमार ने अपने पुराने स्कूल, नेवी चिल्ड्रेंस स्कूल, विजाग को उनके कठिन समय में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। हाल ही में पेरिस पैरालंपिक 2024 में पैरा-बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले नितेश, जिन्होंने पुरुष एकल एसएल 3 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, ने इस जीत को देश और अपने स्कूल को समर्पित किया। इस मौके पर नितेश ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा, सफलता पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि अपने विकास और मेहनत पर ध्यान दें। खुद पर विश्वास रखें और अपने सपनों का पीछा करें।नितेश ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैंने पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता। इस सफलता में एनसीएस विजाग का बड़ा योगदान है। मेरे सबसे कठिन समय में, जब मैं अपनी दुर्घटना के बाद स्कूल में दाखिल हुआ, मेरे प्रिंसिपल और केमिस्ट्री टीचर ने मुझे ढांढस बंधाया और लगातार मेरा समर्थन किया। नितेश ने बताया कि स्कूल में रहते हुए वह खेलों में ज्यादा रुचि नहीं रखते थे, लेकिन वहां की अद्वितीय खेल संस्कृति ने उन्हें प्रेरित किया। नितेश ने कहा, स्कूल के दिनों में मैं खेल के मैदान के बाहर से साथी छात्रों का समर्थन करता था, लेकिन आज पैरालंपिक में जब मुझे अपने स्कूल समुदाय का समर्थन मिला, तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। नितेश जल्द ही अपने स्कूल का दौरा करने और अपनी जीत का जश्न छात्रों और शिक्षकों के साथ मनाने की योजना बना रहे हैं। एनसीएस विजाग की पूर्व प्रिंसिपल निकिता तोमर मान, जो अब नोएडा के इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल हैं, ने नितेश की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, एक शिक्षक के रूप में मेरे लिए इससे बड़ी संतुष्टि की कोई बात नहीं हो सकती कि नितेश जैसे छात्र ने अपनी सफलता में मेरी छोटी सी भूमिका को याद किया। यह किसी भी शिक्षक के लिए गर्व की बात है। भारत ने इस पैरालंपिक में कुल पांच पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। यह पैरालंपिक खेलों के किसी भी संस्करण में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने पहली बार महिलाओं की स्पर्धाओं में भी पोडियम हासिल किया।

### गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को मिली भारतीय टीम में जगह

मुम्बई (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह शुरु हो रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जो भारतीय टीम चयनित हुई है। उसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मयंक यादव को टीम में जगह मिलने से साबित हुआ है। ये दोनो ही जिन आईपीएल टीमों में रहे उनके मेंटोर गंभीर रहे थे। गंभीर आईपीएल में दो टीमों के मेंटर रहे हैं। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ दो साल रहने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के भी मेंटोर रहे हैं।

# श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर 2-0 से सीरीज जीती

गॉल (एजेंसी)। मेजबान श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली है। न्यूजीलैंड की टीम इस मैच में चौथे दिन फालोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 360 रन ही बना पायी। वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में केवल 88 रनों पर आउट हो गये। इस प्रकार उसे 514 रनों



से पीछे होने के कारण फॉलोऑन खेलना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) की अच्छी पारियों से 360 रन बनाये पर ये पर्याप्त नहीं थे। कीवी टीम ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत तय हो गयी थी। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका की जीत में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रहे कामिंदु मेंडिस की अहम भूमिका रही। प्रभात ने पहले मैच की तरह ही इस में भी 9 विकेट लिए और इस प्रकार सीरीज में 18 विकेट के साथ ही उन्हें सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। वहीं कामिंदु मेंडिस को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। कामिंदु ने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाये थे। कामिंदु ने इस पारी के साथ ही सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रुप से तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर पहुंच गए। प्रभात ने पहले टेस्ट मैच में भी 9 विकेट लिए थे।

श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उसकी संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

मुम्बई (एजेंसी)। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। इस टीम में तेज गेंदबाज मयंक यादव को प्रवेश मिला है। मयंक ने आईपीएल में 157 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह चोटिल होने के कारण तीन मैचों के बाद ही बाहर हो गये थे। वहीं अब फिट होकर इस तेज गेंदबाज ने वापसी की है। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में जगह मिलने से सभी हैरान हैं। भारतीय टीम को टी20 सीरीज में तीन मैच ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में





खेलने हैं। नितीश कुमार रेड्डी टीम में नये चेहरे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

टी20 में दोनों टीमें के बीच अब तक 14 टी20 मैच हुए हैं। इसमें बांग्लादेश को केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वहीं भारतीय टीम ने 13 मुकाबले जीते हैं।

मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है :

06-अक्टूबर पहला टी20, ग्वालियर, 09 अक्टूबर दूसरा टी20, नई दिल्ली, 12 अक्टूबर तीसरा टी20, हैदराबाद

तीनों ही मैच शाम 7 बजे शुरु होंगे।

## लंबी उम्र तक खेलने के लिए फिटनेस जरुरी : रोहित

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हैं जिससे वह उत्साहित हैं क्योंकि काफी कम खिलाड़ी ही ये उपलब्धि हासिल कर पाते हैं। साथही कहा कि इतनी लंबी उम्र तक खेलने के लिए जीवन में फिटनेस की अहम भूमिका भूमिका होती है। रोहित ने कहा, मैं पिछले 17 साल से खेल रहा हूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब पहुंच गया हूं। 500 मैच, दुनिया भर में काफी कम क्रिकेटरों ने ही खेले हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के लिए आपको अपनी फिटनेस बनाने के साथ ही मानसिक रुप से भी तैयारी करनी होती है क्योंकि हमारा काम खेल के लिए 100 फीसदी तैयार रहना होता है। फिर अगर आप पीछे की ओर जाते हैं, तो उस तैयारी में फिटनेस भी शामिल होती है। रोहित ने इसके साथ ही कहा कि टी20 विश्व कप के बाद उन्होंने टी20 प्रारुप से इसलिए संन्यास लियास क्योंकि ये सही समय था। इसके साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी आगे आ रहे थे जिनके लिए जगह भी बनानी थी। विश्वकप जीतने के बाद मुझे लगा कि अब इस प्रारुप से आगे जाना चाहिये। गौरतलब है कि रोहित ने 151 टी20आई मैचों में 4,231 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और 32 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 रन रहा है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

## पूरन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

जमैका (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 में एक नया रिकार्ड बनाया है। पूरन एक कैलेंडर वर्ष में टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान का रिकार्ड तोड़ दिया। पूरन ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 15 गेंदों में 27 रन बनाये। इसी के साथ ही पूरन इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। उन्होंने 66 मैचों की 65 पारियों में 42.02 की औसत से कुल 2,059 रन





बनाए है। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160.85 रहा जबकि सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 रन था। उन्होंने इस साल 14 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं रिजवान ने साल 2021 में 48 टी20 में 56.60 के औसत से एक शतक और 18 अर्द्धशतक के साथ ही 2,036 रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन था। सीपीएल 2024 = पूरन ने अब तक 9 पारियों में 39.00 की औसत से 312 रन बनाए हैं, जिसमें 175.28 की स्ट्राइक रेट और 97 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। प्रतियोगिता में उनके नाम दो अर्धशतक हैं और वह चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## अब 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी आईपीएल टीमें : गवर्निंग काउंसिल

### इंम्पैक्ट प्लेयर नियम भी जारी रहेगा

बेंगलुरु (एजेंसी)। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने रिटेंशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत ही अब फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से 4 की जगह पर 6 खिलाड़ियों को रिटेन (बरकरार) रख सकेंगी। इसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल रहेगा। इसकी कीमत 120 करोड़ रुपये के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपये होंगी। इससे पहले साल 2022 में आयोजित पिछली मेगा नीलामी में एक टीम को अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गयी थी। फ्रेंचाइजी को अगले सत्र के लिए 'नीलामी के साथ ही रिटेनशन' के लिए 120



करोड़ रुपये की रकम के अलावा 12.60 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम भी आवंटित करनी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनसार पहले रिटेनशन का खर्चा 18 करोड़ रुपये होगा। उसके बाद 14 करोड़ रुपये की दूसरी और 11 करोड़ रुपये की तीसरी रिटेनशन राशि रहेगी। वहीं अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और पांचवें रिटेनशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये अदा करने होंगे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए कोई भी फ्रेंचाइजी अगर सभी पांच रिटेनशन का विकल्प रखती है तो उसके पास खरीदने के लिए केवल 45 करोड़ रुपये रहेंगे। यहां तक कि वह अपने आरटीएम कार्ड का उपयोग करके भी अन्य 15 खिलाड़ी खरीदकर एक टीम तैयार कर सकती है। भारतीय और विदेशी रिटेनशन को लेकर कोई सीमा नहीं है।' अधिकांश मजबूत फ्रेंचाइजी छह से आठ खिलाड़ियों को रिटेन करने के पक्ष में थीं जबकि कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा बड़े खिलाड़ी नहीं थे इसलिए वह इसका विरोध कर रहे थे।

# व्यापार

## 33 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के टीबीबीडी 2024 की शुरुआत

पानीपत। फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरुआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरुआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले। टीबीबीडी 2024 के शुरुआती ट्रेंड्स में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेस, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर



जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफ से मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफस्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। बिग बिलियन डेज के अर्ली एक्सेस डे पर और पहले दिन इन कैटेगरी में ज्यादा मांग देखने को मिली है। द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट - ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, द बिग बिलियन डेज सिर्फ एक शॉपिंग फेस्टिवल नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विकास, नवाचार एवं गठजोड़ को बढ़ावा देने का अवसर है, साथ ही विभिन्न वर्गों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। फ्लिपकार्ट ने भारत में डिजीटलीकरण के सफर को सक्षम बनाया है और द बिग बिलियन डेज की इसमें अहम भूमिका रही है। ग्राहकों एवं इकोसिस्टम पार्टनर्स के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाते हुए हम सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, साथ ही ग्राहकों की संतुष्टि एवं कारोबारी सफलता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं।

## नवरात्र से पहले 2 से 3 रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल




नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। दरअसल कच्चे तेल की कीमतों में हाल के सप्ताहों में आई कमी से पेट्रोलियम कंपनियों के वाहन ईंधन पर मुनाफे में सुधार हुआ है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में 2 से 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की गुंजाइश मिली है। एक रेटिंग एजेंसी ने ये जानकारी दी है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की कीमत सितंबर में औसतन 74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 83-84 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इक्रा ने एक नोट में कहा गया है एजेंसीकि कच्चे तेल की कीमतों में कमी के साथ हाल के सप्ताहों में भारतीय पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए मोटर वाहन ईंधन की खुदरा बिक्री पर विपणन मुनाफे में सुधार हुआ है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें वर्तमान स्तर पर स्थिर रहीं तो खुदरा ईंधन कीमतों में कमी की गुंजाइश है। एजेंसी के एक वएजेंसीरिष्ठ अएजेंसीधिकारी ने कहा एजेंसीकि अनुमान लगाया जा रहा है कि 17 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय उत्पाद कीमतों की तुलना में ओएमसी की शुद्ध प्राप्ति पेट्रोल के लिए 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 12 रुपये प्रति लीटर अधिक रही। इन ईंधन के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) मार्च, 2024 से यथावत हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहती हैं तो उनके दो से तीन रुपये प्रति लीटर की कमी करने की गुंजाइश है। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में भारी गिरावट देखी गई है, जिसका मुख्य कारण कमजोर वैश्विक आर्थिक वृद्धि और उच्च अमेरिकी उत्पादन है। वहीं ओपेक एवं सहयोगी देशों ने गिरती कीमतों से निपटने के लिए अपने उत्पादन कटौती को वापस लेने के अपने फैसले को दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया।

## वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

### प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा

मुंबई (एजेंसी)। वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे अगले सप्ताह कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा एजेंसीकि आगे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह की निगरानी करना रोचक रहेगा। इस



साल सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज्यादा एफआईआई प्रवाह देखने को मिला है। जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका के डॉलर सूचकांक और वहां के वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। इसके साथ ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजों से आने वाले समय में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। सप्ताह के दौरान विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का आंकड़ा बाजार की धारणा को प्रभावित करेगा। उन्होंने यह भी कहा एजेंसीकि हमें उम्मीद है कि प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा।

आर.एन. आई नं. HARHIN/2008/27633 स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक ने बी. एफ. एल इन्फोटेक लिमिटेड, सी-1, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित करवाकर, 622/23, न्यूज कॉम्पलेक्स, डीएलएफ कॉलोनी, मेन पप्पू बेकरी रोड, रोहतक (हरियाणा) से प्रकाशित। सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र रोहतक होगा। संपादक: प्रवीन कुमार, संपर्क नं. 9215717777, Email: news@garimatimes.in